Vol.24, Issue 7 | Annual Subscription ₹480

मई 2025

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

रोटरी समाचार

भारत

www.rotarynewsonline.org



RJ MANTRA ENGLISH SCHOOL

IDHAYAM RAJENDRAN CHARITIES, AFFILIATED TO CISCE-TN 082.
VIRUDHUNAGAR, TAMILNADU.

ADMISSIONS OPEN 2025-2026

WE HAVE PARTNERED WITH IIT MADRAS

Our students are privileged to take up IIT courses without JEE through the IIT Madras school connect program.

COURSES

- **Introduction to Data Science and AI**
- **Introduction to Architecture and Design**
- **Introduction to Electronic System**

For More Information

www.rjmantra.com 9489067789 | 8903660689 admin@rjmantra.com

ADVT.

विषयसूची

12

सूरज की रोशनी को मुस्कुराहट में बदलना

44

मदुरै इंटरेक्ट ने दान के लिए ₹16 लाख जुटाए

20

ज़ोन 5 & 6 के लिए दिशा

46

ज्ञान की रोशनी से सजे आदिवासी सपने

24

सदस्यता के बिना रोटरी का अस्तित्व नहीं है

54

रंगों से सजी शहर की दीवारें

ई-संस्करण अपनाएं। पर्यावरण बचाएं।

ई-संस्करण दर हुई कम

1 जुलाई 2024 से हमारी ई-संस्करण सदस्यता ₹420 से संशोधित कर **₹324** कर दी गई हैं।

Rotary

A publication of Rotary Global Media Network

जवाधु आदिवासियों पर एक बेहतरीन कहानी



मैं अप्रैल अंक के कवर पेज पर तमिलनाडु के एक आदिवासी गाँव, जवाधु हिल्स, की प्राकृतिक सुंदरता की सुरम्य तस्वीर देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। यह जानना रोचक था कि चेन्नई के रोटेरियन किस तरह से आदिवासियों की सहायता कर रहे हैं और मोटे अनाजों की कहानी भी एक रोचक पहलू है।

हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि रोटरी बोर्ड के निर्णयानुसार रोटरी भारत साक्षरता मिशन का नाम अब भारत साक्षरता मिशन कर दिया गया है। अपने संदेश में, रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक ने रोटरी क्लब विंडसर-रोज़लैंड, ओंटारियो, की एक खाद्य वितरण परियोजना का उल्लेख करके दूसरों की मदद करने की आवश्यकता को स्पष्ट किया है। संपादक का संदेश एक आंख खोलने वाला लेख है, जिसमें अमेरिका में अवैध अप्रवासियों को झेलनी पड़ने वाली कठिनाइयों और अपमान को बहुत अच्छे से चित्रित किया गया है, साथ ही इस विषय पर विस्तृत जानकारी भी दी गई है।

आरआईडी राजू सुब्रमण्यन ने हमारे आसपास मौजूद ज़िंदगियों को परिवर्तित करने के लिए रोटरी की सदस्यता बढ़ाने और टीआरएफ को मजबूत करने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया।

एक विभाजित दुनिया में उपचार विषय पर इस्तांबुल शांति सम्मेलन के बारे में पढ़कर खुशी हुई, और टीआरएफ अध्यक्ष मार्क मेलोनी का पर्यावरणीय परियोजनाओं की संरक्षकता पर ध्यान केंद्रित करना भी एक रोचक पहलू है। अन्य सभी लेख, उनकी साथ में दी गई तस्वीरों के साथ, सूचनात्मक और अच्छे से लिखे गए हैं।

महिलाओं और बच्चों के लिए *कपड़ों की एक खुली अलमारी* की अवधारणा एक नया विचार और एक बेहतरीन पहल है जिसे अन्य क्लब भी अपना सकते हैं। क्लब गतिविधियाँ विस्तार से वर्णित हैं और तस्वीरें अच्छी हैं। कुल मिलाकर, अप्रैल अंक शानदार है और इसके लिए संपादकीय टीम को बधाई।

फिलिप मुलप्पोन एम टी
रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन - मंडल 3211

अप्रैल अंक में जवाधु हिल्स के आदिवासियों पर शानदार कवरेज के लिए *रोटरी न्यूज़* को हमारा दिल से धन्यवाद। यह लेख 10 से अधिक पृष्ठों में फैला हुआ था और इसने कार्य के हर पहलू को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया, जिससे पाठकों को एक गहरी और विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई।

जहां हम रोटेरियन साईशेषण के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने पूरी परियोजना की जानकारी को बेहद सुंदर ढंग से समझाया, वहीं संपादकीय और डिज़ाइन टीम को भी धन्यवाद देना चाहिए जिन्होंने इस लेख को लिखा और इतने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। डिज़ाइन और लेआउट वाकई में सराहनीय थे।

सुंदरम शेषाद्रि
रोटरी क्लब चेन्नई अक्षया - मंडल 3233

तमिलनाडु के पूर्वी घाट की जवाधु हिल्स में रोटरी सेवा परियोजना पर आधारित कवर स्टोरी ने दूरदराज के आदिवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला है; और इस्तांबुल शांति सम्मेलन पर लेख ने शांति निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है। इस अंक के अन्य सभी लेख भी पढ़ने में रोचक हैं।

अप्रैल की संपादकीय में संपादक रशीदा भगत द्वारा अमेरिकी अवैध प्रवासियों की बताई गई स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हमारे नागरिकों को अपने ही देश में सम्मानजनक आजीविका कमाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करे।

के एम के मूर्ति
रोटरी क्लब सिकंदराबाद - मंडल 3150

अप्रैल की संपादकीय के संदर्भ में, अमेरिका जाने वाले अवैध प्रवासी अधिकतर पंजाब और गुजरात से होते हैं, और इनमें से अधिकांश वंचित वर्गों से नहीं आते। वे इस खतरनाक प्रयास के लिए तथाकथित एजेंटों को एक ₹1करोड़ तक की भारी रकम चुकाते हैं। यह पूरी तरह से लालच से प्रेरित होता है और मुझे नहीं लगता कि वे हमारी किसी भी सहानुभूति के पात्र हैं।

एस रामचंद्र प्रसाद
रोटरी क्लब कोयंबटूर मेट्रोपोलिस - मंडल 3201

अवैध भारतीय प्रवासियों की त्रासदी को लेकर हम सभी को बेहद दुख हुआ, क्योंकि उन्हें अमानवीय तरीके से निर्वासित किया गया।

क्या रोटरी साधारण भारतीय परिवारों के बच्चों को इतना सक्षम बना सकती है कि उन्हें रोजगार के लिए किसी अन्य देश जाने की आवश्यकता न हो? हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान भारत की आकर्षक आर्थिक प्रगति की बात कही थी। लेकिन मुझे नहीं पता कि क्या अमेरिका में बसे किसी भारतीय ने वाकई में अपनी मातृभूमि में लौटने का निर्णय लिया है?

पी एन पारिख
रोटरी क्लब भरूच - मंडल 3060

आपके पत्र

सूचनात्मक, व्यापक पत्रिका

मैं शब्दों के साथ अभिव्यक्त नहीं कर पा रहा हूँ कि संपादक रशीदा भगत और उनकी टीम को हर महीने एक सुंदर अंक प्रस्तुत करने के लिए मेरी सराहना कैसे व्यक्त करूं, जिसमें एक आकर्षक नया रूप होता है और ऐसे सूचनात्मक लेख होते हैं जो दुनिया भर में रोटेरियनों द्वारा किए गए सेवा कार्यों के बारे में बहुत कुछ कहते हैं।

मार्च अंक में संपादक का संदेश *(आत्म-मंथन का समय)* और कोलकाता के रोटेरियनों के लड़कियों और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को रोकने के प्रयासों पर लिखे लेख उत्कृष्ट हैं। मैं विनम्रता से अनुरोध करता हूँ कि आप भविष्य के संस्करणों में भी ऐसे सूचनात्मक और अच्छे से शोधित लेख प्रकाशित करना जारी रखें।

विदेशी छात्रों का स्वागत करना, उन्हें समायोजित करना और शांति केंद्र चलाना, यह केवल रोटरी ही कर सकती है। यह रिपोर्ट से स्पष्ट है कि रोटरी 80 से अधिक देशों के 40,000 से अधिक छात्रों को रंग, संस्कृति और राष्ट्रीयताओं से परे शिक्षा प्रदान कर रही है। जहां हमारे शास्त्र *अतिथि देवो भव* की शिक्षा देते हैं, वहीं हमारी सरकारें समय-समय पर शांति आयोग गठित करती हैं, लेकिन इसके आगे कुछ खास नहीं होता।

रोटेरियन किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार रहते हैं, जैसा कि कोलकाता में सर्वाइकल कैंसर पर की गई परियोजना से स्पष्ट है, जिसके तहत रोटेरियन महिलाओं एवं लड़कियों को महंगे टीके उपलब्ध करा रहे हैं।

राज कुमार कपूर
रोटरी क्लब रूप नगर
मंडल 3080

कवर पृष्ठ पर जवाधु हिल्स के एक गाँव का हरा-भरा दृश्य एक ताजगी देने वाले परिवर्तन के रूप में आया है। सरल लेकिन दूरगामी और टिकाऊ उपायों का पालन करके भागीदारी को पुनर्जीवित करने के लिए रो ई अध्यक्ष के आह्वान पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। संपादकीय ने अवैध प्रवासियों के संवेदनशील विषय को छुआ है जो अपनी जान की कीमत पर जोखिम उठाते हैं। यह वह जगह है जहां रोटरी कुछ दुर्भाग्यपूर्ण वापस लौटने वाले लोगों के लिए पुनः कौशल विकास और उपयुक्त स्थान ढूंढने में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है, जो अपने आसपास के वातावरण में सामाजिक कलंक का सामना करते हैं। जैसा कि हम पर्यावरण को एक ध्यानाकर्षण क्षेत्र के रूप में देखते हैं, हमें उम्मीद है कि रोटरी की संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के साथ नई रणनीतिक साझेदारी अधिक टिकाऊ और रचनात्मक परियोजनाओं को लागू करने में मदद करेगी।

पत्रिका को गोंद जैसी गंध वाले भूरे रंग के आवरण में लपेटा गया है; क्या आप कृपया इसे बेहतर बाहरी आवरण में बदल सकते हैं, जो कि नियमों के अनुसार कागज या 120 माइक्रोन का प्लास्टिक आवरण हो सकता है।

एन आंथरी वेदी
रोटरी कलब हैदराबाद मेगा सिटी - मंडल 3150

पीआरआईपी जॉन जर्म ने की *रोटरी न्यूज़* की तारीफ

जूडी और मैंने अभी रोटरी न्यूज़ का मार्च अंक पढ़ा। हमें हमेशा *रोटरी न्यूज़* तथ्यात्मक और सूचनात्मक लगी है। मार्च अंक भी विशेष रूप से वैसा ही था, जिसमें (आरआईपीई) मारियो (डी कामार्गो) और (आरआईपीएन) सांगकू (युन) पर शानदार लेख थे।

हमने पाया कि पीआरआईपी बिल बॉयड को श्रद्धांजलि भी बहुत ही अच्छी तरह से दी गई है। बिल एक सच्चे व्यक्ति और एक मित्र थे जिन्होंने दुनिया भर में कई ज़िंदगियों पर प्रभाव डाला। उनकी कुछ हालिया उपलब्धियों में तुर्की में शांति केंद्र के चयन में समिति का नेतृत्व करना शामिल था। उनकी कमी महसूस की जाएगी।

पूर्व रो ई अध्यक्ष जॉन जर्म

कवर पर : रोटरी क्लब बॉम्बे जुहू बीच की एक सेवा परियोजना के तहत, पॉर्श इंडिया, लिटर ऑफ लाइट और पावर पैक के साथ साझेदारी में, मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर सौर ऊर्जा से चलने वाले मिट्टी के दीयों का प्रदर्शन।

हम आपकी प्रतिक्रियाओं का स्वागत करते है। अपनी प्रतिक्रियाएं ***rotarynews@rosaonline.org*** या ***rushbhagat@gmail.com*** पर संपादक को मेल कीजिए। ***rotarynewsmagazine@gmail.com*** पर उच्च रेसोल्यूशन वाली तस्वीरें अपनी परियोजना के विवरण के साथ मेल कीजिए।
आपके क्लब/मंडल परियोजनाओं के संदेश, Zoom मीटिंग/वेबिनार पर जानकारी और उसके लिंक केवल संपादक को ई-मेल द्वारा ***rushbhagat@gmail.com*** या ***rotarynewsmagazine@gmail.com*** पर भेजे जाने चाहिए।
WhatsApp पर भेजे संदेशों पर विचार नहीं किया जाएगा।

रोटरी के युवा परिवर्तनकर्ता

चाहे हम रोटरी के साथ कितने भी समय से जुड़े हों, हम सभी को अपने युवा नेताओं की ऊर्जा और नए दृष्टिकोण से लाभ मिलता है। इस महीने के अध्यक्षीय संदेश एक युवा नेता, विटोर जोवेंटिनो, के सक्षम हाथों में सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अपने कॉलम में, विटोर हमें याद दिलाते हैं कि कैसे टीमवर्क और समावेशिता परिवर्तनकारी बदलाव ला सकते है। जब आप उनका संदेश पढ़ें, तो मैं आपको उनकी अंतर्दृष्टि पर विचार करने, उनके उत्साह को साझा करने और सीखने के नए अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।

— स्टेफ़नी ए अर्चिक

मुझे वह क्षण याद है जब मुझे रोटरी के युवा कार्यक्रमों की शक्ति का एहसास हुआ। यह ऑस्ट्रेलिया में शनिवार की सुबह थी, जब मैं रोटरी यूथ एक्सचेंज का छात्र था। मैं रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स कार्यक्रम में युवा नेताओं के एक समूह के बीच खड़ा था। आयोजकों ने हमें चुनौती दी कि हम फर्श पर फैले एक बड़े तिरपाल पर खड़े रहें और बिना नीचे उतरे उसे आधे में मोड़ने का तरीका खोजें।

पहले तो यह काम आसान लग रहा था। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़े, रणनीति बनाई और समायोजन किए, तो वास्तविकता सामने आई - इसके लिए टीमवर्क, चपलता और निरंतर संचार की आवश्यकता थी।

रोटरेक्टर्स और रोटेरियन ने हमारा मार्गदर्शन किया, लेकिन किसी ने यह निर्देश नहीं दिया कि सफलता कैसे प्राप्त की जाए। निर्णय हमें ही लेने थे। और फिर कुछ उल्लेखनीय हुआ। बिना किसी निर्देश के, हमने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि टार्प पर हमारी जगह कम होने के कारण कोई भी पीछे नहीं रहेगा।

हमारी टीम के एक सदस्य व्हीलचेयर का उपयोग करते हैं, जिससे हमें अनुकूलन का अवसर मिला और यह सुनिश्चित हुआ कि वह अनुभव का पूरा हिस्सा हैं। हमने अपना स्थान बदला, तिरपाल उठाया और अपनी स्थिति को फिर से बनाया, अपने समय का उपयोग टीम के रूप में सोचने, योजना बनाने और कार्य करने में किया। अंत में, हमने मिलकर इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया।

जब हम अपनी सफलता का जश्न मना रहे थे, तो एक प्रतिभागी ने कहा, ''समाज भी इसी तरह काम करता है - चुनौतियाँ तो आएंगी ही, लेकिन लोगों को पीछे छोड़ने के बजाय, हमें सभी को शामिल करने के तरीके खोजने चाहिए।'' यह इतनी कम उम्र के व्यक्ति के लिए बहुत ही गहन विचार था, फिर भी इसने हमारे अनुभव के सार को पूरी तरह से व्यक्त किया।

इंटरेक्ट युवाओं को ऐसी सेवा परियोजनाएं बनाने के लिए सशक्त बनाता है, जो वास्तविक और स्थायी प्रभाव डालती हैं। यूथ एक्सचेंज ऐसे वैश्विक नागरिकों का निर्माण करता है, जो व्यापक दृष्टिकोण और मजबूत नेतृत्व कौशल के साथ घर लौटते हैं। RYLA दूसरों को प्रेरित करने और उन्हें संगठित करने के लिए सुसज्जित युवा नेताओं को विकसित करता है। यह सब *रोटरी का जादू* है, जो युवाओं के कार्यों के माध्यम से उभरता है। ये कार्यक्रम रोटरी की बदलती दुनिया में विकास और अनुकूलन की क्षमता का मूल हैं। लेकिन इन कार्यक्रमों की सफलता केवल युवा नेताओं पर निर्भर नहीं करती - इसके लिए ऐसे रोटरी सदस्यों की आवश्यकता होती है, जो उनकी क्षमता पर विश्वास करते हैं। मैं आपको इंटरेक्ट क्लब को प्रायोजित करने, एक एक्सचेंज छात्र की मेज़बानी करने, और RYLA प्रतिभागी का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। आपकी भागीदारी इन कार्यक्रमों को बनाए रखने से कहीं ज़्यादा है; यह उनके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देती है और यह सुनिश्चित करती है कि युवा नेता रोटरी के सिर्फ़ लाभार्थी ही नहीं, बल्कि सक्रिय योगदानकर्ता भी बनें।

जो लोग पहले से ही युवा कार्यक्रमों का समर्थन कर रहे हैं, उनका धन्यवाद। आपकी सलाह और प्रतिबद्धता बहुत मायने रखती है। और जो लोग इसमें शामिल होने पर विचार कर रहे हैं, उनके लिए यही समय है! क्योंकि युवा नेतृत्व सिर्फ़ रोटरी का भविष्य नहीं है, यह रोटरी का वर्तमान है।

विटोर जोवेंटिनो

रोटरेक्ट क्लब पेनापोलिस, ब्राज़ील

आपके शब्द/व्यवहार आपको परिभाषित करते हैं...

हाल ही में, मेरी नजर टॉयलेट पेपर पर लिखे गए सिंगापुर के एक कर्मचारी के इस्तीफे पर गई। उस संदेश में साफ़ तौर पर लिखा था: ''मैं खुद को टॉयलेट पेपर की तरह महसूस कर रहा था, ज़रूरत पड़ने पर इस्तेमाल किया गया और फिर फेंक दिया गया। उस संदेश का अंत इन शब्दों के साथ हुआ: मैंने अपना त्यागपत्र इस कागज़ पर इसलिए लिखा है ताकि यह दर्शा सकूं कि इस कंपनी ने मेरे साथ कैसा व्यवहार किया है। मैं इस्तीफा दे रहा हूँ।''

कंपनी की एक महिला निदेशक ने उस पत्र को लिंक्डइन पर पत्र साझा किया, और उस पर छोड़े गए गहरे प्रभाव पर टिप्पणी करते हुए अफसोस के साथ कहा, ''प्रशंसा केवल प्रतिधारण का उपकरण नहीं है। यह इस बात का प्रतिबिंब है कि किसी व्यक्ति को कितना महत्व दिया जाता है - न केवल इस बात के लिए कि वे क्या करते हैं, बल्कि वे कौन हैं। अपने कर्मचारियों को इतनी कद्र करें कि जब वे कभी जाने का निर्णय लें, तो वे कृतज्ञता के साथ विदा हों, न कि शिकायत के साथ।''

यह एक ऐसी बात है जिस पर हम सभी को - न केवल नियोक्ताओं, प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों को - चिंतन करना चाहिए। हम लोगों को जो कहते हैं, जो करते हैं या जिस तरह से हम उनके साथ व्यवहार करते हैं उस पर विचार करने की आवश्यकता है। कई बार, कार्यस्थल पर लक्ष्यों को प्राप्त करने और समय सीमा को पूरा करने का दबाव इतना बड़ा होता है कि वरिष्ठ अधिकारी तुच्छ काम या गलतियों के लिए बहुत कम सहिष्णुता दिखाते हैं। हाँ, गुणवत्ता और मानक, लक्ष्य और समय-सीमाएँ बहुत महत्वपूर्ण होती हैं, लेकिन किसी की आत्मा और आत्म-सम्मान को इस हद तक कुचलकर नहीं कि उसके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई और विकल्प ही न बचे।

हालांकि यह एक सर्वव्यापी विषय है जिसे जीवन के लगभग हर पहलू पर लागू किया जा सकता है - कार्यस्थल, परिवार, दोस्ती - आइए चर्चा को रोटरी दुनिया तक सीमित करें। नेतृत्व और पदानुक्रम रोटरी के दो बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्र हैं, और रोटरी परिवार के 1.4 मिलियन सदस्यों के लिए यह देखना काफी आसान है कि इस पारदर्शी संगठन में शीर्ष नेतृत्व अपने देशों, ज़ोन और मंडलों में कैसा आचरण करते हैं। उनके पास भी लक्ष्य हैं, मुख्य रूप से सदस्यता बढ़ाने और रोटरी संस्थान को दान सुनिश्चित करने के लिए ताकि दुनिया भर के रोटेरियन इनमें से कुछ पैसों का उपयोग सामुदायिक कल्याण परियोजनाओं को करने, पोलियो के खिलाफ दुर्जेय लड़ाई जारी रखने, इत्यादि कार्यों के लिए कर सकें। लेकिन ये नेतृत्वकर्ता अपने लक्ष्यों को कैसे प्राप्त करते हैं; उनका स्वभाव कैसा होता है, वे अपनी मुख्य और विस्तृत टीमों के सदस्यों से कैसे पेश आते हैं, कैसे बात करते हैं - यही तय करता है कि उन्हें उनके क्षेत्र के रोटेरियन दशकों तक याद रखेंगे या रोटरी वर्ष के समाप्त होते ही और उनका कार्यकाल खत्म होते ही, उन्हें भुला देंगे। सोचिए ज़रा।

यहाँ एक और मुद्दे की बात सामने आती है वह कौन-सी विशेषताएँ हैं जो एक आदर्श रोटेरियन को परिभाषित करती हैं? क्या उसको दयालु, सहानुभूतिशील और विनम्र होना चाहिए? उदार और मददगार होना चाहिए? धनी और प्रभावशाली होना चाहिए? आडंबरपूर्ण और अभिमानी होना चाहिए? यह कहने में संकोच नहीं कि इतने विशाल समूह में हर तरह के लोग होंगे। इसलिए मैं आपसे ब्रायन रश की एक बात कहना चाहूँगी, जो रोटरी अंतर्राष्ट्रीय की डीईआई टास्क फोर्स के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं (पृष्ठ 28)। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत से डीईआई संबंधित शिकायतें *dei.inquires@rotary.org* पर आती हैं, तो उन्होंने कहा कि उनकी नजर में तो नहीं है। लेकिन शिकायतों से अधिक, ऐसे मुद्दे होते हैं जो अधिकतर क्लब या मंडल स्तर पर ही सुलझा लिए जाते हैं। फिर उन्होंने आगे कहा: ''सच कहूँ तो, ज़्यादातर लोगों की नीयत खराब नहीं होती। रोटेरियन बुरे लोग नहीं हैं, लेकिन पीढ़ियों के बीच अंतर होता है। जो बातें या व्यवहार 40 साल पहले स्वीकार्य थे, वे आज नहीं हैं - लेकिन कई बार लोग यह समझ नहीं पाते।''

इसने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया... क्या हम किसी को कुछ कटु या अप्रिय कहने से पहले ''सोचते'' हैं। क्या ''पीढ़ियों'' का अंतर या सांस्कृतिक, क्षेत्रीय या धार्मिक भिन्नताएँ किसी ऐसे व्यवहार या वक्तव्य को उचित ठहरा सकती हैं जो दूसरों के लिए आपत्तिजनक हो? सोचने की बात है...

रशीदा भगत

Meri LiFE
Lifestyle for Environment

RJ GARBAGE BANK
குப்பை வங்கி

JOIN TO CELEBRATE
THE ACHIEVERS WHO
TAKE EXTRA EFFORTS
TO MAKE THIS PLANET
LOOK CLEAN AND
FEEL HEALTHIER

The world's first Garbage bank Proudly presents

ECO CHAMPIONSHIP AWARDS - 3.0

MONDAY
AUGUST, 2025

23

VENNANDI VELMURUGAN
AUDITORIUM,
RJ MANTRA ENGLISH SCHOOL,
VIRUDHUNAGAR

APPLY NOW

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

LEKHA adv/May 25/ Rotary/NTEN

rj_garbagebank www.ilovewaste.in rjgb@idhayam.com 87542 04222

ADVT.

निदेशक का संदेश

रोटरी का युवा नेताओं की शक्ति में विश्वास

युवा लोगों पर विश्वास करना बहुत शक्तिशाली है - न केवल उनकी क्षमता पर, कल नहीं, बल्कि आज नेतृत्व करने की उनकी क्षमता पर। रोटरी की युवा सेवा इसी विश्वास पर आधारित है। यह केवल कार्यक्रमों या क्लबों का समूह नहीं है - यह एक दर्शन है। युवा व्यक्तियों में साहस, करुणा और चरित्र का पोषण करने और उन्हें सपने देखने, कार्य करने और नेतृत्व करने की जगह देने की प्रतिबद्धता।

शहरों, कस्बों, गांवों और परिसरों में रोटरी से जुड़े युवा दुनिया के बदलने का इंतजार नहीं कर रहे हैं; वे बदलाव बन रहे हैं। चाहे वे रक्तदान अभियान का आयोजन कर रहे हों, जलवायु कार्रवाई अभियानों का नेतृत्व कर रहे हों, सीमाओं के पार संवाद शुरू कर रहे हों या बस सही के लिए खड़े हो रहे हों, वे हर दिन सेवा और नेतृत्व के मूल्यों को जी रहे हैं।

रोटरी में युवा सेवा सिर्फ़ नेतृत्व सिखाती ही नहीं है; बल्कि युवाओं पर भरोसा भी करती है। यह दरवाज़े खोलती है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सीमाओं को हटाती है। यह 16 वर्षीय लड़की को बताती है कि उसके समुदाय को आकार देने में उसकी आवाज़ का महत्व है। यह 24 वर्षीय लड़की को बताती है कि वह सिर्फ़ परियोजनाओं का ही नहीं, बल्कि आंदोलनों का भी नेतृत्व कर सकता है। और ऐसा करके, यह नागरिकों की ऐसी पीढ़ियों का निर्माण करती है जो अपने आस-पास की दुनिया के प्रति उदासीन नहीं हैं।

इनमें से कई युवा नेता शायद क्लब की हर मीटिंग या प्रशिक्षण सत्र को याद न रखें। लेकिन वे याद रखेंगे कि रोटरी ने उन्हें क्या सिखाया - कि सेवा स्वार्थ से ज़्यादा शक्तिशाली है, कि असली नेतृत्व दूसरों को ऊपर उठाने के बारे में है, और यह कि एक व्यक्ति भी, सही इरादे से, बदलाव की लहर शुरू कर सकता है।

एक ऐसी दुनिया में जो अधिक जटिल, विभाजित और अनिश्चित होती जा रही है, *रोटरी यूथ सर्विस* एक शांत क्रांति है, एक ऐसी ताकत जो युवा दिलों और दिमागों को साहसी, सहानुभूतिपूर्ण और लचीला बनने के लिए तैयार करती है। और शायद यही वह क्रांति है जिसकी दुनिया को सबसे अधिक आवश्यकता है।

अनिरुद्धा रॉयचौधरी
रो ई निदेशक, 2023-25

फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष का संदेश

चुनौती को स्वीकार करें

पोलियो उन्मूलन की हमारी यात्रा में ऐसे क्षण आते हैं जब संदेह और अनिश्चितता हावी हो सकते हैं, फिर भी हमें दृढ़ रहना चाहिए और सबसे बढ़कर, लक्ष्य पर नज़र रखते हुए आशावान बने रहना चाहिए। जैसा कि विंस्टन चर्चिल ने एक बार संकट के समय कहा था: ''हम पीछे मुड़कर नहीं देख सकते - हमें इसका कोई अधिकार नहीं है। हमें आगे की ओर देखना चाहिए।'' रोटरी में, हम हमेशा हर पल का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। कोई भी चुनौती हमारे लिए बहुत बड़ी नहीं होती। 1988 में, जब हमने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ साझेदारी करके ग्लोबल पोलियो उन्मूलन पहल की शुरुआत की, तब 125 देशों में हर साल लगभग 3,50,000 पोलियो के मामले सामने आते थे। तब से, GPEI - जिसमें यूनिसेफ़, अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोलएंड प्रिवेंशन, गेट्स फाउंडेशन और GAVI, वैक्सीन एलायंस भी शामिल हैं - ने दुनिया भर की सरकारों के साथ मिलकर अथक प्रयास किए हैं। साथ मिलकर, हमने जंगली पोलियो वायरस के मामलों को 99.9 प्रतिशत तक कम कर दिया है।

आज भी अफगानिस्तान में, टीकाकरण कर्मियों को घर-घर जाकर अभियान चलाने से रोक दिया गया है, वहीं, पाकिस्तान में संघर्ष, आतंकवाद और प्रवासन के कारण कुछ क्षेत्रों में बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच में बाधा उत्पन्न हो रही है।

इस वर्ष की शुरुआत में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ से हटने, यूएसएआईडी फंडिंग को रोकने और सीडीसी के साथ बातचीत को प्रतिबंधित करने की अपनी मंशा की घोषणा की। ये घटनाक्रम हमारे पोलियो उन्मूलन प्रयासों और अन्य रोटरी वैश्विक साझेदारियों और कार्यक्रमों के लिए बाधाएँ प्रस्तुत करते हैं।

फिर भी, हम इस क्षण का सामना करने के लिए आगे आए, ठीक वैसे ही जैसे हमने पहले भी किया है। हमने यह भारत में कर दिखाया, जब 2014 में देश को जंगली पोलियोवायरस से मुक्त घोषित किए जाने से पहले हमें मामलों में उछाल का सामना करना पड़ा था। नाइजीरिया में, हमें बाधाओं का भी सामना करना पड़ा, लेकिन 2020 में, WHO ने देश को - और विस्तार से, WHO अफ्रीका क्षेत्र के सभी 47 देशों को - जंगली पोलियो-मुक्त प्रमाणित किया।

यह जान लें कि रोटरी पर्दे के पीछे काम कर रही है, चुनौतियों का समाधान करने, व्यवधानों का प्रबंधन करने और वैकल्पिक वित्तपोषण का पता लगाने के लिए सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और भागीदारों के साथ सहयोग कर रही है। एक गैर-राजनीतिक संगठन के रूप में, हम समुदायों की सेवा करते हुए और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए परिचालन समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

मेरी पत्नी गे और मैंने भारत, नाइजीरिया और पाकिस्तान में इस समय की तात्कालिक आवश्यकता को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया है, जहाँ हमने बच्चों को टीके लगाए हैं। उनकी आँखों में देखते हुए, मैंने वह भविष्य देखा जिसके लिए हम लड़ रहे हैं - और वह ज़िम्मेदारी, जो हमें यह कार्य पूर्ण करने के लिए उठानी है।

परिवर्तन की हवा बदल सकती है, लेकिन आपकी मदद से, पोलियो उन्मूलन के प्रति रोटरी की प्रतिबद्धता तब तक मजबूत रहेगी जब तक हमारा मिशन पूरा नहीं हो जाता।

मार्क डेनियल मेलोनी

ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन

गवर्नर्स काउंसिल

RID 2981	बस्करन एस
RID 2982	शिवकुमार वी
RID 3000	राजा गोविंदसामी आर
RID 3011	महेश पी त्रिखा
RID 3012	प्रशांत राज शर्मा
RID 3020	डॉ एम वेंकटेश्वर राव
RID 3030	राजिंदर सिंह खुराना
RID 3040	अनीश मलिक
RID 3053	राहुल श्रीवास्तव
RID 3055	मोहन पाराशर
RID 3056	डॉ राखी गुप्ता
RID 3060	तुषार शाह
RID 3070	डॉ परमिंदर सिंह ग्रोवर
RID 3080	राजपाल सिंह
RID 3090	डॉ संदीप चौहान
RID 3100	दीपा खन्ना
RID 3110	नीरव निमेश अग्रवाल
RID 3120	परितोष बजाज
RID 3131	शीतल शरद शाह
RID 3132	डॉ सुरेश हीरालाल साबू
RID 3141	चेतन देसाई
RID 3142	दिनेश मेहता
RID 3150	शरथ चौधरी कटरागड्डा
RID 3160	डॉ साधु गोपाल कृष्ण
RID 3170	शरद पाई
RID 3181	विक्रमदत्त
RID 3182	देव आनंद
RID 3191	सतीश माधवन कननोर
RID 3192	एन एस महादेव प्रसाद
RID 3201	सुंदरवदिवेलु एन
RID 3203	डॉ एस सुरेश बाबू
RID 3204	डॉ संतोष श्रीधर
RID 3211	सुधी जब्बार
RID 3212	मीरनखान सलीम
RID 3231	राजनबाबू एम
RID 3233	महावीर चंद बोथरा
RID 3234	एन एस सरवनन
RID 3240	सुखमिंदर सिंह
RID 3250	बिपिन चाचान
RID 3261	अखिल मिश्रा
RID 3262	यज्ञनिस महापात्रा
RID 3291	डॉ कृष्णेंदु गुप्ता

प्रकाशक एवं मुद्रक **पी टी प्रभाकर**, 15 शिवास्वामी स्ट्रीट, मायलापोर, चेन्नई - 600004, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के लिए रासी ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड, 40, पीटर्स रोड, रोयापेट्टा, चेन्नई - 600014 से मुद्रित एवं रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट, दुगड़ टावरस, 3rd फ्लोर, 34 मार्शलस रोड, एगमोर, चेन्नई - 600008 से प्रकाशित।
संपादक: **रशीदा भगत**

योगदान का स्वागत है लेकिन संपादित किया जाएगा। प्रकाशित सामग्री का आरएनटी की अनुमति सहित, यथोचित श्रेय देते हुए प्रयोग किया जा सकता है।

Website

न्यासी मंडल

राजु सुब्रमण्यन **रो ई निदेशक और अध्यक्ष, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट**	RID 3141
अनिरुधा रॉयचौधरी **रो ई निदेशक**	RID 3291
डॉ भरत पांड्या **टीआरएफ ट्रस्टी**	RID 3141
राजेंद्र के साबू	RID 3080
कल्याण बेनर्जी	RID 3060
शेखर मेहता	RID 3291
अशोक महाजन	RID 3141
पी टी प्रभाकर	RID 3234
डॉ मनोज डी देसाई	RID 3060
सी भास्कर	RID 3000
कमल संघवी	RID 3250
डॉ महेश कोटबागी	RID 3131
ए एस वेंकटेश	RID 3234
गुलाम ए वाहनवती	RID 3141

निर्वाचित रो ई निदेशक

एम मुरुगानंदम	RID 3000
के पी नागेश	RID 3191

कार्यकारी समिति के सदस्य (2024-25)

एन एस महादेव प्रसाद **अध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3192
अखिल मिश्रा **सचिव, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3261
आर राजा गोविंदसामी **कोषाध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3000
राखी गुप्ता **सलाहकार, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3056

संपादक
रशीदा भगत

उप संपादक
जयश्री पद्मनाभन

प्रशासन और विज्ञापन प्रबंधक
विश्वनाथन के

रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट
3rd फ्लोर, दुगर टावर्स, 34 मार्शल रोड, एग्मोर
चेन्नई 600 008, भारत
फोन: 044 42145666
rotarynews@rosaonline.org
www.rotarynewsonline.org

Magazine

टीआरएफ ट्रस्टी का संदेश

परोपकार का कार्य - रोटरी का तरीका

परोपकार परहितवाद का एक ऐसा रूप है जिसमें सार्वजनिक भलाई के लिए निजी पहल और जीवन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। परोपकार शब्द प्राचीन ग्रीक शब्द फिलैंथ्रोपिया - 'मानवता से प्यार', फिलो - 'प्यार करना, शौकीन होना' और एंथ्रोपोस 'मानव जाति, मानवता' से आया है। यह टीआरएफ को हमारे समर्थन का एक उपयुक्त वर्णन है।

द मैन ऑफ़ ला मंच में डॉन क्विक्सोट हर जगह 'अच्छाई' खोजने की यात्रा पर निकलता है। यह एक असंभव खोज थी। लेकिन वह आगे बढ़ता रहा असंभव सपने को देखना, अपराजेय दुश्मन से लड़ना, वहाँ जाना जहाँ बहादुर जाने की हिम्मत नहीं करते।

रोटरी में भी हमारी खोज अच्छाई खोजने और हर जगह अच्छा करने की होती है। लेकिन रोटरी में असंभव भी संभव हो जाता है, क्योंकि रोटेरियन स्वप्नदर्शी होते हैं, लेकिन उनमें एक महत्वपूर्ण अंतर होता है। वे अपने सपनों में व्यावहारिक होते हैं। अपने दैनिक जीवन में वे दूसरों के बारे में सोचते हैं। वे सड़क पर टूटे हुए कांच को उठाते हैं ताकि पड़ोस के लड़के और लड़कियाँ खेलते समय अपने पैर न काट लें।

तो मैं प्रार्थना करता हूँ: ''ईश्वर सभी रोटेरियन को साहस और प्रतिबद्धता प्रदान करे ताकि वे यह सोच सकें कि वे बदलाव ला सकते हैं, ताकि रोटेरियन उन कार्यों को करना जारी रखें, उन परियोजनाओं पर काम करें जिनके बारे में दूसरे कहते हैं कि वे नहीं किए जा सकते।'' और इस पर काम करने का, हर जगह अच्छा करने का सबसे अच्छा तरीका रोटरी फाउंडेशन के माध्यम से है।

ऐसा ही एक अच्छा तरीका है हमारा मानवीय अनुदान कार्यक्रम। विभिन्न अनुदानों के माध्यम से टीआरएफ आपके दान को सेवा परियोजनाओं में बदल देता है जो जीवन, घर के नज़दीक और दुनिया भर में बदलाव लाते हैं। इसलिए वार्षिक निधि का समर्थन करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह *आज* हमारा वार्षिक निधि योगदान है जो हमें कल अनुदान देने में मदद करता है। इसलिए मेरा सभी से अनुरोध है कि आज वार्षिक निधि में निवेश करें। फाउंडेशन के वार्षिक कोष में आपका योगदान रोटरी सदस्यों को वहां पहुंचने में सक्षम बनाता है जहां मदद की सबसे अधिक आवश्यकता है।

जैसे-जैसे हम सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे हैं और पोलियो को खत्म करने की दिशा काम कर रहे हैं, पोलियो फंड का समर्थन करना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। रोटेरियन के योगदान के बिना हम पोलियो मुक्त दुनिया के अपने सपने को पूरा नहीं कर सकते।

एंडोमेंट फंड, टीआरएफ का भविष्य है। एंडोमेंट फंड में हमारा निवेश यह सुनिश्चित करता है रोटेरियन की भावी पीढ़ियाँ रोटरी के अच्छे काम को आगे बढ़ाती रहेंगी।

हम सब मिलकर दुनिया बदल सकते हैं और बदलेंगे भी। यही है *रोटरी का जादू!* आपको और आपके परिवार को ढेर सारी शुभकामनाएँ, शांति और खुशियाँ मिलें।

भरत पांड्या
टीआरएफ ट्रस्टी

Rotary PEOPLE OF ACTION

सूरज की रोशनी को मुस्कुराहट में बदलना

रशीदा भगत

सौर ऊर्जा से चलने वाले लैंप की सहायता से पढ़ाई करती हुई एक छात्रा।

30 अक्टूबर, 2024 को मुंबई का प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ इंडिया कला स्थापना का एक अद्भुत कैनवास बन गया, जिसका शीर्षक था *फील्ड ऑफ ड्रीम्स: ए पाथवे टू ए ब्राइटर फ्यूचर।* इस मनमोहक प्रदर्शनी में 1,996 के हस्तनिर्मित मिट्टी के सौर चलित फूलों के लैम्प प्रदर्शित किए गए जो आशा, नवाचार और एक हरित, अधिक टिकाऊ भविष्य का प्रतीक थे, रोटरी क्लब बॉम्बे जुहू बीच, रो ई मंडल 3141 की सामुदायिक परियोजनाओं की सेवा निदेशक लता देसाई उत्साहित होकर कहती हैं।

उन्होंने *रोटरी न्यूज़* को बताया कि उनके क्लब (जिसमें 65 सदस्य हैं और उनमें आधे से अधिक महिलाएं हैं) द्वारा एक क्रांतिकारी और परिवर्तनकारी परियोजना शुरू की गई जिसका उद्देश्य महाराष्ट्र और गुजरात के वंचित समुदायों को सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ ही तीन प्रमुख पहलों के माध्यम से रोटरी की सार्वजनिक छवि को मजबूत बनाना था। इनमें पॉर्श इंडिया, लिटर ऑफ लाइट इंडिया चैप्टर और पावर पैक के साथ साझेदारी शामिल है, जिससे मुंबई के ऐतिहासिक स्मारक पर एक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन, स्कूली बच्चों और महिलाओं के लिए एक प्रायोगिक कार्यशाला का आयोजन और दोनों राज्यों के आदिवासी एवं अन्य गांवों में सौर लैंप का वितरण किया जाएगा।

गेटवे ऑफ इंडिया पर इस भव्य कला प्रदर्शनी की शुरुआत पोर्श की उस इच्छा शक्ति से हुई जिसमें वह भारत में अपने ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) मॉडल के लॉन्च के साथ पर्यावरण को लेकर जागरूकता पैदा करना चाहती थी। स्थायी ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित करने और पर्यावरण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उन्होंने सौर लैंप के विषय को चुना और इलैक डियाज़ से संपर्क किया जिन्होंने फ़िलिपींस में सौर बल्बों (यह बोतल बल्ब दिन के समय सौर ऊर्जा से घरों को रोशन करते है - *बॉक्स* देखें) की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया। मगर चूंकि डियाज़ भारत में काम नहीं करते हैं इसलिए उन्होंने अपने दोस्त विराज दोशी से संपर्क किया जो भारत में अक्षय ऊर्जा पर काम करते है। विराज मेरे बेटे का दोस्त भी है, इसलिए उन्होंने मुझसे संपर्क किया और पूछा कि क्या हमारा रोटरी क्लब इस कार्यक्रम में साझेदार बनने में रुचि रखेगा, क्योंकि उन्हें स्कूली

सौर लैंप न केवल प्रकाश का एक स्रोत हैं, बल्कि एक जीवन रेखा हैं जो बच्चों को पढ़ाई करने, परिवारों को दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में संलग्न होने और अनियमित बिजली आपूर्ति के बावजूद समुदायों को फलने-फूलने में सक्षम बनाती हैं।

100 स्कूली बच्चों ने सोलर स्टडी लैंप असेंबल करना सीखा। इस अनुभव से न केवल सौर ऊर्जा के बारे में तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि छात्रों में जिम्मेदारी और वकालत की भावना भी पैदा हुई।

बच्चों और स्थानीय कारीगरों के लिए हमारे द्वारा आयोजित मिट्टी के दिए बनाने की वर्कशॉप्स की जानकारी थी।

रोटरी क्लब बॉम्बे जुहू बीच ने इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखते हुए तुरंत ही इस साझेदारी के निमंत्रण को स्वीकार किया। ''दरअसल, विराट और डियाज दोनों मेरी वर्कशॉप पर आए थे, जहाँ मैं मुंबई के विले पार्ले के एक स्कूल में गरीब परिवारों के बच्चों को सौर ऊर्जा से लैंप बनाना सिखा रही थी। यह अक्टूबर 2024 की बात थी और यह वर्कशॉप हमारे रोटरी क्लब द्वारा अक्षय ऊर्जा समाधानों के बारे में अगली पीढ़ी को शिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। यह वर्कशॉप डियाज के लिटर ऑफ लाइट और दोशी के पावर पैक के साथ साझेदारी में आयोजित की गई थी।''

क्लब की अध्यक्ष मानसी ठक्कर कहती हैं, ''इस कार्यशाला में वंचित बच्चों के विद्यानिधि स्कूल के 100 छात्रों ने सोलर स्टडी लैंप बनाना सीखा। इस आकर्षक अनुभव ने न केवल सौर ऊर्जा के बारे में तकनीकी ज्ञान प्रदान किया बल्कि छात्रों में जिम्मेदारी और वकालत की भावना भी जगाई। हमारे मंडल गवर्नर चेतन देसाई ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, और शिक्षा व सततता के बीच के महत्वपूर्ण संबंध को उजागर किया जो आने वाली पीढ़ी का उज्जवल भविष्य गढ़ने में मदद करता है, और युवाओं को एक स्वच्छ एवं हरित दुनिया के राजदूतों में बदलने की दिशा में प्रेरित करता है।''

रोटरी क्लब मुंबई जुहू बीच की सामुदायिक सेवा निदेशक लता देसाई छात्रों को लैंप वितरित करती हुई।

गेटवे कार्यक्रम पर लौटते हुए, लता बताती हैं कि मूल रूप से पोर्श इंडिया अपने ईवी मॉडल - मैकन इलेक्ट्रिक - को आयोजन स्थल पर रखना चाहती थी, लेकिन हाल ही में मुंबई में एक राजनेता की हत्या के कारण जन्मी सुरक्षा चिंताओं के कारण, ऑटो प्रमुख को इस तरह के प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं मिली। इसलिए एक कलात्मक संरचना में लगभग 2,000 मिट्टी के दिए जलाकर शहर के इस ऐतिहासिक स्थल को रोशन करके स्वच्छ ऊर्जा के विषय की व्याख्या करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक की कीमत ₹3,000 रखी गई थी और ये लैंप स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए थे। ये केवल कला का नमूना नहीं थे, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता का एक सशक्त संदेश भी थे। इस पहल को गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में आधिकारिक रूप से दर्ज भी किया गया था; इस प्रदर्शन ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा, और यह नवीकरणीय ऊर्जा की शक्ति का एक दृश्य प्रमाण बना, साथ ही इसने यह संदेश भी दिया कि हर छोटा कदम एक बड़े, अधिक टिकाऊ विश्व की दिशा में योगदान कर सकता है, लता कहती है, जिन्हें 2026-27 के लिए क्लब अध्यक्ष चुना गया है।

क्लब के रोटेरियनों के लिए यह गर्व का क्षण था, क्योंकि इस कार्यक्रम में 15 छात्रों के साथ इसके 15 सदस्य मौजूद थे। रोटरी की सार्वजनिक छवि को जबरदस्त बढ़ावा मिला,

बाएं: छात्र सौर अध्ययन लैंप बनाना सीखते हुए।

प्लास्टिक की बोतल से मिट्टी के लैंप तक

इलैक डियाज़ एक जलवायु नायक और सामाजिक उद्यमी हैं, जिनका एनजीओ लिटर ऑफ लाइट अब तक 3,82,000 फिलीपीनवासियों और दुनिया भर में 6,90,000 लोगों को ऊर्जा की गरीबी से बाहर निकालने में मदद कर चुका है, ऐसा उनके वेबसाइट पर कहा गया है। यह एनजीओ 2002 में ब्राज़ील के अल्फ्रेडो मोसेर की मूल सोच से प्रेरित होकर अस्तित्व में आया, जिन्होंने प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करके उन घरों में प्राकृतिक रोशनी पहुंचाने की अवधारणा विकसित की, जहाँ स्थिर बिजली आपूर्ति नहीं थी। मसोलर बॉटल बल्बफ के नाम से प्रसिद्ध इस मूल विचार को इलैक ने और आगे बढ़ाया और इसे फिलीपींस में एक स्थानीय उद्यम मॉडल में बदल दिया। यह बल्ब एक 1.5 लीटर की प्लास्टिक पानी की बोतल में पानी और ब्लीच भरकर (जिससे पानी में काई न पनपे) बनाया जाता है और इसका उपयोग उन घरों व स्कूलों में किया जाता है जहाँ बिजली बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती।

ये सोलर बॉटल बल्ब घरों की छतों पर लगाए जाते हैं और सूर्य की रोशनी को अपवर्तित करके कमरे को रोशन कर सकते हैं। इस परियोजना की खासियत यह है कि यह सस्ती, टिकाऊ और आसानी से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके तेज़ प्राकृतिक रोशनी प्रदान करती है, जिससे शहरी गरीबों को दिन के समय बिजली की जगह एक किफायती, पर्यावरण के अनुकूल और लंबे समय तक चलने वाला विकल्प मिल जाता है।

इस विचार को सतत रूप से बढ़ावा देने के लिए, डियाज़ ने स्थानीय उद्यमी व्यवसाय मॉडल लागू किया, जिसके अंतर्गत बोतल बल्बों को स्थानीय लोग ही असेंबल और इंस्टॉल करते हैं, जिससे उन्हें इस काम के बदले एक छोटी सी आय अर्जित करने का अवसर मिलता है।

मुंबई की रोटेरियन लता देसाई कहती हैं कि डियाज ने खुद बाद में मिट्टी के लैंप का विचार तैयार किया और यही उनके क्लब ने अपनी विभिन्न परियोजनाओं के लिए अपनाया है। यह मिट्टी का लैम्प लगभग छह घंटे तक बिजली देता है और हम इसके साथ एक प्लेट भी वितरित करते हैं जिसे सौर लैंप को रिचार्ज करने के लिए सूर्य के प्रकाश में रखा जा सकता है। मैं प्लास्टिक की बोतलों के साथ एक बहुत बड़ी परियोजना करने के विचार पर इलैक के साथ भी काम कर रही हूं, और पूरे भारत के क्लबों को शामिल करना चाहती हूं ताकि यह एक परिवर्तनकारी परियोजना साबित हो सके।■

एक फिलिपिनो गांव में स्थापित सौर 'बोतल बल्ब'।

क्योंकि पोर्श द्वारा इस कार्यक्रम पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री की क्लिप्स को उनके विभिन्न पोर्टल्स पर, साथ ही सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडिया के माध्यम से दुनिया भर में प्रसारित किया गया। जर्मनी से आए उनके मार्केटिंग प्रमुख ने इस बात को विशेष रूप से बताया कि ये लैंप मिट्टी से बनाए गए हैं और उनमें से अधिकांश महिला कलाकारों द्वारा तैयार किया गए है। इतना ही नहीं, उन्होंने हमें अपना वितरण साझेदार भी चुना।

कंपनी ने इन लैंप को बनाने की परियोजना पर **₹58.95 लाख** खर्च किए, और ''हमारे क्लब ने परिवहन और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक ₹80,000 से अधिक जुटाए। इसने महाराष्ट्र और गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में ₹41 लाख के लैम्प वितरित करने का भी काम किया। उस परियोजना को निष्पादित करने में तीन महीने से अधिक का समय लगा। शेष 100 लैंप उस संस्थान के कक्षा 11-12 के छात्रों को वितरित किए जाएंगे, जिसके साथ हम काम कर रहे हैं। वे झुग्गी बस्तियों में रह रहे हैं और उन्हें सौर ऊर्जा की आवश्यकता है। इसके अलावा, वे इलेक्ट्रिकल कोर्स कर रहे हैं, इसलिए उनके लिए सौर ऊर्जा के बारे में कुछ सिखाना भी जरूरी है,'' उन्होंने आगे कहा।

मैं प्लास्टिक की बोतलों के साथ एक बहुत बड़ी परियोजना करने के विचार पर भी डियाज़ के साथ काम कर रहा हूं, और इसमें पूरे भारत के क्लबों को शामिल करना चाहता हूं।

लता देसाई
सेवा निदेशक
रोटरी क्लब मुंबई जुहू बीच

लता ने बिजली की कमी वाले क्षेत्रों में क्लब के सदस्यों द्वारा वितरित ₹48 लाख के सौर लैंप का विवरण साझा करते हुए कहा कि वितरण का पहला चरण महाराष्ट्र के पालघर जिले के हलोली गांव में साईं बाबा विद्यालय में हुआ था। क्लब की अध्यक्ष मानसी आगे बताती हैं, ''यह मुंबई से तीन घंटे की दूरी पर एक पहाड़ी के पास स्थित छोटा सा गांव है, और यहां अक्सर बिजली गुल हो जाती है और

बारिश के दौरान बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से विफल हो जाती है।''

गुजरात के वडोदरा के एक गांव के एक आश्रम में 75 लैम्प की एक और खेप वितरित की गई, जहां लगातार बिजली गुल होने और अंधेरे के कारण, हाल ही में एक जहरीले सांप ने एक सहवासी को काट लिया था।

लता, जिन्होंने पाँच साल पूर्व रोटरी से जुड़ने के पहले से ही काफी सामुदायिक सेवा की है, कहती हैं, ''इन सभी जगहों का चयन बहुत मेहनत के बाद किया गया, क्योंकि हर जगह ऊर्जा की ज़रूरत बहुत ज़्यादा है। मैंने खुद ऐसे कई क्षेत्रों का दौरा किया है, और हमने उन जगहों को चुना है जहाँ ज़रूरत सबसे अधिक है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम छात्रों को सौर ऊर्जा से चलने वाले लैंप दें, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए एक विश्वसनीय प्रकाश स्रोत मिल सके। पालघर के तामसई गाँव में, जहाँ बिजली की कटौती आम बात है, 27 अतिरिक्त लैंप स्थानीय निवासियों को वितरित किए गए। इस परियोजना की सफलता में रोटरी क्लब मैनर हाइवे का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण रहा।''

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम छात्रों को सौर ऊर्जा से चलने वाले लैंप दें, जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए एक विश्वसनीय प्रकाश स्रोत मिल सके।

वह आगे कहती हैं कि प्राप्तकर्ताओं के लिए, ''सौर लैंप केवल रोशनी का साधन नहीं हैं, बल्कि एक जीवनरेखा हैं जो बच्चों को पढ़ाई करने, परिवारों को अपने रोज़मर्रा के काम करने, और पूरे समुदाय को अनियमित बिजली आपूर्ति के बावजूद आगे बढ़ने में मदद करता हैं। प्राप्तकर्ताओं और स्कूल प्राचार्यों द्वारा व्यक्त की गई खुशी और कृतज्ञता अत्यंत भावुक कर देने वाली थी, और हमारे लिए इसने इस पहल के गहरे प्रभाव को दर्शाया।''

अंत में, मानसी कहती हैं, ''पोर्श की डॉक्यूमेंट्री ने आरसीबीजेबी के प्रयासों के उस रूपांतरणकारी प्रभाव को खूबसूरती से दिखाया जिसने वंचित लोगों के जीवन को बदलने का कार्य किया, साथ ही संवहनीयता का संदेश दूर-दूर तक फैलाया और सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा दिया। समुदायों को सतत समाधानों के माध्यम से सशक्त बनाने के हमारे संकल्प में कोई कमी नहीं है। पोर्श, लिटर ऑफ लाइट और पावर पैक के साथ यह सहयोग एक ऐसा निर्णायक क्षण है, जो एक अधिक सशक्त और पर्यावरण के प्रति जागरूक भविष्य की दिशा में हमारे सफर को रेखांकित करता है। सामूहिक प्रयास, अटूट समर्पण और एक उज्जवल कल के साझा दृष्टिकोण के माध्यम से, हमारा क्लब एक-एक सौर लैंप के ज़रिए ज़िंदगियों को रोशन करता आ रहा है।''

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

Your Pathway to Medicine Starts at

Xavier University School of Medicine & KLE Belgaum

6 Years

Pre-Med to Doctor of Medicine / Doctor of Veterinary Medicine Programme

Empathy in Action: Your Medical Journey at **XUSOM**

Healing Together: The Future of Animal Care at **XUSOVM**

Register for our Webinar

Admission open for **September 2025**

Xavier Students are eligible for H1/J1 Visa Programme

To Apply Visit:

application.xusom.com

admissions@xusom.com

WhatsApp +1 516-927-0418

ADVT.

सदस्यता वृद्धि के माध्यम से एक मजबूत रोटरी का निर्माण

जयश्री

रोई निदेशक एम मुरुगानंदम ने तमिल महाकवि भारतियार के हवाले से कहा, ''अच्छे विचार रखें और लोगों के साथ अच्छा करें।'' भुवनेश्वर में ज़ोन 5 और 6 के नव-निर्वाचित मंडल और क्षेत्रीय नेतृत्वकर्ताओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय लक्ष्य निर्धारण सेमिनार 'दिशा' में संबोधित करते हुए, उन्होंने अपने संदेश को 2025-26 रोटरी वर्ष के लिए आरआईपीई मारियो डी कामार्गो के संदेश 'भलाई के लिए एकजुट' से जोड़ा।

मुरुगानंदम ने जोर देकर कहा कि गवर्नर बनना कोई आसान काम नहीं है; यह 1,500 पूर्ण कार्य दिवसों की प्रतिबद्धता की मांग करता है - डीजीएन, डीजीई और डीजी के रूप में प्रत्येक 365 दिन; और आईपीडीजी के रूप में अतिरिक्त 180 दिन। सेवा और तैयारी में 1,500 दिन बिताने के बाद, अपने मंडल को नकारात्मक सोच के साथ न छोड़ें। अपने पीछे विकास की विरासत, जीवंत क्लबों और एक सशक्त रोटरी को छोड़ें जो अगले 50 वर्षों और उससे भी आगे तक मज़बूती से खड़ी रह सके, उन्होंने कहा।

जहाँ एक ओर भारत में रोटरी संस्थान को दिए जाने वाले योगदान में सराहनीय प्रगति हुई है, वहीं उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सदस्यता वृद्धि के मामले में भारत में अपेक्षित विकास नहीं हो रहा है। ज़ोन 5 और 6, जिनमें भारत, श्रीलंका, मालदीव, नेपाल और भूटान शामिल हैं, ने पिछले पाँच वर्षों में सदस्यता में कोई विशेष वृद्धि नहीं देखी है। उन्होंने आरआईडीई के पी नागेश के साथ मिलकर तैयार किया गया एक विस्तृत आरएजी विश्लेषण प्रस्तुत किया, जिसमें यह दर्शाया गया कि 25 से कम सदस्यों वाले 42 प्रतिशत रोटरी क्लब 'रेड' श्रेणी में हैं; 25 से 50 सदस्यों वाले 36 प्रतिशत क्लब मएंबरफ श्रेणी में हैं; और 50 से अधिक सदस्यों वाले 22 प्रतिशत क्लब 'ग्रीन' श्रेणी में आते हैं, जिन्हें सुरक्षित माना गया है।

उन्होंने डीजीई से क्लब स्तर पर सदस्यता बढ़ाकर क्लबों को रेड से एम्बर और एम्बर से ग्रीन की ओर ले जाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इसे संबोधित करने के लिए, उन्होंने सहायक गवर्नरों की क्षमता का लाभ उठाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, हर जोन में 600 एजी हैं। यदि प्रत्येक एजी एक रोटरी क्लब को अधिकृत करें और एक प्रमुख दानकर्ता की

RIDEs के पी नागेश और एम मुरुगानंदम।

बाएं से: पीआरआईडी ए एस वेंकटेश, RIDE मुरुगानंदम, पीआरआईपी शेखर मेहता, RIDE नागेश और टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या।

पहचान करें, तो हम 600 नए क्लबों की स्थापना और संस्थान के दान में उल्लेखनीय वृद्धि देखेंगे, उन्होंने सुझाव दिया।

नवनियुक्त निदेशक ने इसके बाद रोटरेक्ट और इंटरेक्ट को मजबूत करने पर ज़ोर दिया, और इसके लिए 1:2:3 रणनीति प्रस्तुत की - हर रोटेरियन को दो रोटरेक्टर और तीन इंटरेक्टर जोड़ने चाहिए; और हर रोटरी क्लब को कम से कम दो रोटरेक्ट क्लब और तीन इंटरेक्ट क्लब अधिकृत करने का लक्ष्य रखना चाहिए। ज़ोन 5 के 72 प्रतिशत और ज़ोन 6 के 73 प्रतिशत रोटरी क्लबों ने अभी तक एक भी रोटरेक्ट क्लब अधिकृत नहीं किया है; और 70 प्रतिशत क्लबों ने इंटरेक्ट क्लब की स्थापना नहीं की है, यह बताते हुए उन्होंने नेतृत्वकर्ताओं से आग्रह किया कि वे रोटरेक्ट और इंटरेक्ट के विस्तार को प्राथमिकता दें। ''50 वर्ष की आयु के बाद हमारी ज़िंदगी में दो प्राथमिकताएँ प्रमुख हो जाती हैं - हमारी सेहत और हमारे बच्चे। अपने बच्चों को भविष्य के रोटरेकटर और इंटरेकटर के रूप में देखें। इसे अपनी प्राथमिकता बनाएं, आरआईडीई ने कहा जिन्होंने 32 साल पहले, 16 वर्ष की उम्र में रोटरेक्टर के रूप में अपनी रोटरी यात्रा की शुरुआत की थी।''

खयदि प्रत्येक ए जी एक रोटरी क्लब चार्टर करता है और एक प्रमुख दाता की पहचान करता है, तो हम 600 नए क्लबों और फाउंडेशन के दान में पर्याप्त वृद्धि देखेंगे।

एम मुरुगानंदम
रो ई निदेशक निर्वाचित

एक और चिंताजनक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि जोन 5 और 6 ने हाल के वर्षों में 32,000 रोटरेक्टर खो दिए हैं। उनका मानना है कि केंद्रित प्रयास के साथ, भारत अगले एक वर्ष में ही 25,000 रोटरेकटर और इंटरैकटर को पुनः जोड़ सकता है।

टीआरएफ लक्ष्यों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने पोलियो उन्मूलन पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को दोहराया। पिछले साल पाकिस्तान में 74 और अफगानिस्तान में 25 मामले सामने आए और इस साल अब तक कुल सात मामले सामने आए हैं, इन क्षेत्रों के भारत के निकट होने के कारण जन-जागरूकता और टीकाकरण प्रयासों को और अधिक तीव्र करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिनिधियों से पोलियो उन्मूलन प्रयासों को और गति देने का आग्रह किया, और असिस्टेंट गवर्नरों को सक्रिय रूप से शामिल कर यह सुनिश्चित करने को कहा कि मंडल टीआरएफ में मिलियन डॉलर और मल्टी-मिलियन डॉलर का योगदानकर्ता बनें। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान वे इन दो ज़ोनों से 50 एकेएस सदस्य, 50 अक्षय निधि और वार्षिक एवं पोलियो कोष में 100 प्रतिशत योगदान देखना चाहते हैं।

नागेश ने सदस्यता वृद्धि के लिए मुरुगनंदम की रणनीतियों में अपना योगदान दिया। ''पिछले 120 वर्षों से हम विकास पर निर्भर रहे हैं। लेकिन पिछले दो दशकों से रोटरी की सदस्यता 1.2 मिलियन पर स्थिर बनी हुई है। अगर हमें विशेष रूप से भारत में तेज़ी से वृद्धि देखनी है, तो अब समय आ गया है कि हम एक क्रांति को अपनाएं।'' उन्होंने *मिशन 2.25 लाख* की रूपरेखा प्रस्तुत की, एक महत्वाकांक्षी योजना जिसके तहत 365 दिनों में 365 नए रोटरी क्लब स्थापित किए जाएंगे, यानी हर दिन एक नया क्लब। इस पहल का नेतृत्व दो निदेशक कर रहे हैं और यह योजना प्रति क्लब औसतन 30 नए सदस्यों को जोड़ने की दिशा में काम कर रही है, जिससे 2025-26

बाएं से: PRID सी भास्कर, ट्रस्टी पांड्या और RIDE नागेश।

तक 2.25 लाख और 2026-27 तक 2.6 लाख सदस्य बनने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा, ''वृद्धि करें ताकि विभाजन हो; विभाजन करें ताकि विकास हो। हमारी सदस्यता बढ़ाने से मंडलों का विभाजन संभव होगा, जो हम सभी के लिए लाभकारी है।''

उनका अगला फॉर्मूला सीएसआर साझेदारी को मजबूत करने पर केंद्रित था। उन्होंने कहा, ''यदि हर क्लब कम से कम एक सीएसआर साझेदारी हासिल कर सके, तो हमारी सेवा परियोजनाओं का आकार और प्रभाव कई गुना बढ़ जाएगा, और इससे रोटरी की सार्वजनिक छवि और प्रभावशीलता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।''

रोटरी में नेतृत्वकर्ता होने के नाते, ''यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम सदस्यों को संस्थान के प्रति गहरे समर्पण के लिए प्रेरित करें और मार्गदर्शन दें। जैसे-जैसे वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है, टीआरएफ को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनसे निपटने के लिए नए सिरे से ध्यान और रणनीतिक कार्रवाई की आवश्यकता है,'' टीआरएफ न्यासी भरत पांड्या ने कहा, आगे यह बताते हुए कि अमेरिकी सरकार, जो ऐतिहासिक रूप से पोलियो कार्यक्रम में हर साल लगभग 250 मिलियन डॉलर का योगदान देती रही है, अब उसने फंडिंग कम कर दी है और सीडीसी की सरकारों से संवाद करने की क्षमता पर भी प्रतिबंध लगाए हैं। यूएसएआइडी का बंद होना और डब्ल्यूएचओ के लिए समर्थन में कटौती ने पोलियो निगरानी प्रयासों को और अधिक प्रभावित किया है। उन्होंने प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि पोलिओप्लस सोसाइटीस में सदस्यता बढ़ाएँ और पोलियो कोष में उदारता से योगदान करें।

इसके बाद उन्होंने रोटरी के शांति कार्यक्रमों और प्रोग्राम्स ऑफ स्केल पर प्रकाश डाला। आठवां शांति केंद्र जल्द ही सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे, में स्थापित किया जाएगा, जो एशिया के लिए एक मील का पत्थर होगा। उन्होंने रोटरी क्लब दिल्ली प्रीमियर को प्रदान किए गए चौथे प्रोग्राम्स ऑफ स्केल का भी उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के ग्रामीण जिलों में जल पहुंच और कृषि स्थिरता को बढ़ाना है। इस परियोजना में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम को एक नए वैश्विक भागीदार के रूप शामिल किया गया है।

पांड्या ने बताया कि भारत में सीएसआर अनुदान कार्यक्रम ने 2021 में शेखर मेहता के नेतृत्व में शुरू होने के बाद से उल्लेखनीय गति पकड़ी है। 2021 में 2.8 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 में 8.1 मिलियन डॉलर तक पहुँच चुका है, और इस रोटरी वर्ष में 145 कॉर्पोरेट साझेदारों के साथ हम पहले ही 7.2 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर चुके हैं जिससे वर्ष के अंत तक इसके 10 मिलियन डॉलर के आँकड़ें को पार करने की संभावना है। लेकिन अभी केवल 6-7 मंडल ही सक्रिय रूप से सीएसआर अनुदानों के लिए प्रयासरत हैं। सभी मंडलों को कॉर्पोरेट्स के साथ जुड़कर सीएसआर अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपने प्रभाव का दायरा बढ़ाना चाहिए, उन्होंने कहा।

हमारी सदस्यता बढ़ाने से मंडलों का विभाजन होगा जो अंततः हम सभी के लिए अच्छा है।

के पी नागेश
रो ई निदेशक निर्वाचित

इस बात पर ध्यान दिलाते हुए कि केवल 50 प्रतिशत रोटेरियन ही दोबारा दान करते हैं, उन्होंने प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सभी रोटेरियन को टीआरएफ में योगदान देने के लिए प्रेरित करें। संस्थान एक ऐतिहासिक मील का पत्थर छूने के कगार पर है - 2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर तक पहुँचने का लक्ष्य। आश्चर्यजनक रूप से, 31 जनवरी 2025 तक हम इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य से केवल 99 मिलियन डॉलर दूर हैं। संस्थान के अक्षय निधि कोष ने 1 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2025 के बीच 249 मिलियन डॉलर की असाधारण वृद्धि दर्ज की है। यह कोष संस्थान के कार्यक्रमों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करता है, जिससे रोटरी का मिशन आगामी पीढ़ियों तक जारी रह सके। यद्यपि 99 मिलियन डॉलर की राशि बड़ी लग सकती है, लेकिन पिछले वर्ष की गति और उत्साह हमें आशावादी बनाती है। अंतिम लक्ष्य तक पहुँचने के लिए हमें ऐसे व्यक्तियों और संगठनों की पहचान करनी होगी और उनसे संबंध मजबूत करने होंगे, जो परिवर्तनकारी दान देने में सक्षम हों, उन्होंने कहा।

पीडीजी देबाशीष मिश्रा इस कार्यक्रम के अध्यक्ष थे, जहां कुछ डीआरआर सहित 256 नवनिर्वाचित नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया। ब्रेकआउट सत्रों ने विभिन्न रोटरी पहलुओं पर उनके ज्ञान को और समृद्ध किया और उन्हें आगामी रोटरी वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारित करने में मदद की।

चित्र: जयश्री

मंडल टीआरएफ योगदान

31 मार्च 2025 तक

वार्षिक कोष (AF) में SHARE, फोकस के क्षेत्र और विश्व कोष शामिल हैं। पोलियोप्लस में बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन शामिल नहीं है।

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

(अमेरिकी डॉलर में)

मंडल संख्या		एनुअल फण्ड	पोलियो प्लस फंड	एंडोमेंट फण्ड	अन्य निधि	कुल योगदान
2981		59,998	14,157	104	38	74,296
2982		44,281	12,631	10,421	87,188	154,520
3000		47,590	24,015	1,000	342,578	415,183
3011		95,654	6,377	70,480	1,475,776	1,648,286
3012		10,318	151	1,500	1,122,688	1,134,657
3020		103,390	40,135	96,977	151,372	391,874
3030		56,624	4,983	14,563	210,975	287,145
3040		5,142	257	0	89,183	94,582
3053		59,371	700	0	83,524	143,595
3055		45,393	4,267	2,071	68,208	119,939
3056		28,041	2,056	60	133	30,290
3060		173,877	6,399	13,775	658,381	852,431
3070		27,114	1,623	0	$0	28,736
3080		23,220	9,617	17,384	9,561	59,781
3090		16,851	109	18,942	$0	35,902
3100		30,391	5,445	0	51,677	87,513
3110		17,693	1,477	4,164	426,070	449,403
3120		58,988	1,211	8,337	65,312	133,848
3131		539,693	20,812	142,420	1,427,359	2,130,284
3132		61,236	2,565	23,339	78,698	165,838
3141		475,851	36,936	204,941	2,745,166	3,462,894
3142		404,265	56,723	50,060	582,056	1,093,103
3150		149,922	31,809	144,486	907,465	1,233,682
3160		22,798	3,370	1,000	5,787	32,955
3170		49,252	22,872	58,863	317,540	448,528
3181		135,296	16,945	77	0	152,318
3182		105,766	4,104	12	29,270	139,151
3191		70,703	8,226	158	284,506	363,593
3192		123,120	9,941	23,500	342,488	499,049
3201		87,040	35,187	32,370	782,895	937,492
3203		48,977	13,024	16,034	134,621	212,657
3204		40,102	14,874	48,001	12,545	115,521
3211		29,909	4,284	0	29,670	63,863
3212		291,823	21,170	103,500	170,187	586,679
3231		16,723	7,620	68,192	43,132	135,667
3233		63,748	20,480	5,199	461,047	550,474
3234		125,386	30,165	95,746	970,475	1,221,773
3240		192,038	30,885	50,000	203,966	476,889
3250		147,544	5,661	19,231	175,965	348,400
3261		5,081	632	8,335	10,878	24,926
3262		75,224	2,356	2,307	15,643	95,529
3291		147,532	13,748	193,500	150,830	505,610
3220	Sri Lanka	61,508	4,803	5,052	23,920	95,283
3271	Pakistan	9,775	40,036	0	10,500	60,311
63	(former 3272)*	6,757	2,319	0	0	9,076
64	(former 3281)*	6,259	2,916	1,000	1,050	11,225
65	(former 3282)*	1,021	1,221	0	0	2,242
3292		93,601	26,079	90,026	125,311	335,017

* Undistricted

AIM High..!!
DISHA 25
Exclusively for Zones 4 & 7

सदस्यता के बिना रोटरी का अस्तित्व नहीं है

जयश्री

सदस्यता रोटरी के अस्तित्व का मूल है। यदि सेवा परियोजनाएँ न भी हों, तब भी हम एक संगठन रह सकते हैं, लेकिन यदि सदस्यता न हो, तो रोटरी नहीं रह सकती,'' पीआरआईपी शेखर मेहता ने भुवनेश्वर में आयोजित दिशा कार्यक्रम में नव-निर्वाचित नेतृत्वकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। इस कार्यक्रम का आयोजन आरआईडीई एम मुरुगनंदम और आरआईडीई के पी नागेश द्वारा किया गया था। मेहता ने सदस्यता वृद्धि पर निरंतर ध्यान न दिए जाने पर चिंता व्यक्त की। जबकि टीआरएफ में योगदान पर निरंतर नजर रखी जाती है और उसकी सराहना होती है, वहीं सदस्यता वृद्धि के प्रयासों की अक्सर उपेक्षा की जाती है। ''जैसे डीजी, एजी और क्लब अध्यक्ष वित्तीय प्रतिबद्धताओं पर लगातार नज़र रखते हैं, वैसा ही समर्पण सदस्यता वृद्धि के लिए भी होना चाहिए,'' उन्होंने कहा।

धन संचयन में रोटरी की सफलता अभूतपूर्व रही है। जब पोलियो उन्मूलन के लिए 120 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, तब रोटरी ने 242 मिलियन डॉलर जुटाकर इसे पार किया था। उसी तरह, जब संस्थान प्रमुख के रूप में कल्याण बैनर्जी ने 300 मिलियन डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया, तो उस लक्ष्य को भी पार कर लिया गया। ''हमने टीआरएफ के लिए जो भी लक्ष्य निर्धारित किया है, उसमें 99 फीसदी बार हम सफल हुए हैं। लेकिन हर बार जब हमने सदस्यता के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है, हम असफल रहे हैं।'' उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल की विषयवस्तु 'हर एक, लाए एक' को याद करते हुए क्लब अध्यक्षों से आग्रह किया कि वे कम से कम एक गुणात्मक सदस्य को जोड़े और उन्हें बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करें।

पीआरआईपी शेखर मेहता।

मेहता ने कहा कि विकास को सुगम बनाने के लिए, मंडलों का विभाजन आवश्यक है। वर्तमान में भारत वैश्विक रोटरी सदस्यता का 15 प्रतिशत योगदान देता है, लेकिन यहाँ केवल 42 मंडल हैं, जो इसके अनुपात के अनुसार बहुत कम हैं। 'विकास के लिए विभाजन' केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। ''अधिक मंडल होने का अर्थ है कि विधान परिषद में भारत का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और वैश्विक स्तर पर भारत की आवाज़ प्रभावी रूप से सुनी जाएगी।'' सुनिश्चित करें कि कम से कम 60 प्रतिशत क्लब निर्धारित सदस्यता मानदंडों को पूरा करें, ताकि मंडल विभाजन संभव हो सके, उन्होंने कहा, और साथ ही उन्होंने सदस्यता वृद्धि और टीआरएफ में योगदान के लिए आरआईडीई द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना भी की।

पीआरआईडी सी भास्कर ने प्रेरणादायक सफलता की कहानियों के माध्यम से यह समझाया कि किसी संगठन की परिकल्पना और लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक नेतृत्वकर्ता की क्या भूमिका होती है। नेतृत्वकर्ता प्रदर्शन नहीं करते, वे मार्गदर्शक करते हैं। उनका कार्य दूसरों को दिशा देना, प्रेरित

दिशा अध्यक्ष पीडीजी देबाशीष मिश्रा और अपर्णा की उपस्थिति में PRID सी भास्कर, RIDEs के पी नागेश और एम मुरुगानंदम ने दीपक प्रजवलित किया।

करना और उन्हें उनकी भूमिका की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना होता है, उन्होंने कहा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल औपचारिक सत्रों तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि उनमें क्लब नेतृत्वकर्ताओं को प्रभावी रूप से मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक कौशल और सोच विकसित करनी चाहिए। उन्होंने याद किया कि उन्होंने 2017 में दिशा की शुरुआत की थी। इसके पहले अध्यक्ष न्यासी भरत ने इसका नाम 'दिशा' रखा - जिसका अर्थ है मार्गदर्शन, नेतृत्व और वह रास्ता जिसे हमें अपनाना चाहिए।

भास्कर ने आगामी नेतृत्वकर्ताओं को सलाह दी, ''अपने क्लब के नेतृत्वकर्ताओं के साथ मजबूत संबंध बनाएं। सहानुभूतिपूर्वक उनकी बात सुनें, उनकी चिंताओं को समझें और ऐसा वातावरण तैयार करें जहाँ वे समर्थित और प्रेरित महसूस करें।''

उन्होंने कहा कि रोटरी की वृद्धि, पिछले दस वर्षों में प्रति वर्ष औसतन केवल 400 नए सदस्य, बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। भारत अब विकासशील अर्थव्यवस्था नहीं रह गया है। लगातार 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि, डिजिटल क्रांति का छोटे से छोटे विक्रेताओं तक पहुँचना, बुनियादी ढांचे, उद्योग और कृषि में प्रगति, अंतरिक्ष में हमारी सफल उपलब्धियाँ और लगातार बढ़ती प्रति व्यक्ति आय भारत की तरक्की को दर्शाती हैं। इस संभावना का लाभ उठाने के लिए, क्लब नेतृत्वकर्ताओं को सशक्त, प्रेरित और प्रभावी रूप से प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है।''

सफलता केवल कड़ी मेहनत करने में नहीं, बल्कि समझदारी से काम करने में है, पीआरआईडी ए एस वेंकटेश ने कहा। उन्होंने बताया कि असाधारण विकास और प्रभाव प्राप्त करने के लिए तीन महत्वपूर्ण उपाय हैं - सही प्रश्न पूछना, बड़े सपने देखना और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना। व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से श्रोताओं का ध्यान आकर्षित करते हुए, उन्होंने कहा, ''आप जो भी हासिल करना चाहते हैं, उसकी शुरुआत आपके मन से होती है। यह संसाधनों, कौशल या समय की बात नहीं है, यह विश्वास की बात है। यदि आप मानते हैं कि आप कर सकते हैं, तो आप निश्चित ही कर लेंगे। रोटरी में जब हम असंभव से लगने वाले लक्ष्यों का सामना करते हैं, तो अक्सर हम आसान रास्ता चुनते हैं और कहते हैं, ङ्गयह संभव नहीं है।फ्लेकिन यदि हम अपनी क्षमता पर विश्वास करें, तो हम असंभव को भी संभव बना सकते हैं।''

जिस तरह डीजी, ए जी और क्लब अध्यक्ष वित्तीय प्रतिबद्धताओं का अथक पालन करते हैं, उसी तरह सदस्यता वृद्धि के लिए भी यही दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

शेखर मेहता
पूर्व रो ई अध्यक्ष

PRID ए एस वेंकटेश के साथ RIDE मुरुगानंदम और सुमति।

एक सवाल का जिक्र करते हुए कुछ रोटेरियनों ने उनसे पूछा: 'हम रोटरी में एक ही चीज क्यों सीखते रहते हैं,' उन्होंने कहा कि एक ही अवधारणा को बार-बार सीखने का अर्थ दोहराना नहीं होता है। ''यह हमारी क्षमताओं को इस हद तक निखारने की प्रक्रिया है कि वे हमारी आदत बन जाए। जिस क्षण हम यह मान लेते हैं कि अब सीखने को कुछ नहीं बचा, उसी क्षण हमारा विकास रुक जाता है। हर एक दोहराव हमारी क्षमताओं को और मजबूत बनाता है, और हमें अपने कार्य में और अधिक कुशल बनाता हैं।''

रोटरी के महत्वाकांक्षी सदस्यता लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वेंकटेश ने सुझाव दिया कि ''हमें बार-बार और निरंतर आग्रह करना सीखना चाहिए, और सही प्रश्न पूछने चाहिए। हम लंबे समय से ऐसे प्रश्न पूछते आ रहे हैं जिन्हें हम महत्वपूर्ण मानते हैं। हम अक्सर बातचीत की शुरुआत रोटरी के अद्भुत कार्यों का बखान करते हुए करते हैं और यह भूल जाते हैं कि ये प्रभावशाली तथ्य थोड़ी देर बाद भी बताए जा सकते हैं। जिस व्यक्ति से हम बात कर रहे हैं, हो सकता है कि वह शुरूआत में इन सब जानकारियों में रुचि न रखता हो। उसकी जगह आप बस यह पूछें: 'आप क्या करना चाहते हैं?' यह साधारण लेकिन शक्तिशाली प्रश्न सामने वाले की रुचियों, महत्वाकांक्षाओं और प्रेरणाओं को समझने का रास्ता खोलता है। जब रोटरी की कहानी किसी व्यक्ति के मूल्यों और आकांक्षाओं से मेल खाने लगती है, तब हम केवल जानकारी नहीं दे रहे होते, बल्कि एक ऐसा अवसर प्रस्तुत कर रहे होते हैं जो उसकी रुचियों के अनुरूप होता है,'' उन्होंने कहा।

इसके बाद वेंकटेश ने रोटरी में परिवर्तनकारी बदलाव लाने से नेतृत्वकर्ताओं को रोकने वाले दो प्रमुख कारणों पर प्रकाश डाला - पहला, हर कार्य को एक ही वर्ष में पूरा करने की इच्छा; और दूसरा, क्लबों और मंडलों के बीच सहयोग करने में अनिच्छा। ''हम अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करते हैं ताकि परियोजनाओं को रोटरी वर्ष के भीतर पूरा किया जा सके। यह भले ही जवाबदेही सुनिश्चित करता है, लेकिन हमारी बड़ी सोच और बहुवर्षीय, महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को अपनाने की क्षमता को सीमित कर देता है। हममें से कई लोग बहु-क्लब, बहु-मंडल या बहु-देशीय परियोजनाओं पर विचार करने से हिचकते हैं। हम अक्सर अपने क्लब और मंडल की सीमाओं में ही काम करते हैं, जिससे बड़े प्रभाव की संभावनाएँ छूट जाती हैं। यदि हमें बड़ा सपना देखना है, तो हमें व्यक्तिगत समयसीमाओं और भौगोलिक सीमाओं से ऊपर उठना होगा,'' वेंकटेश ने कहा।

हम रोटरी वर्ष के भीतर परियोजनाओं को पूरा करने के उद्देश्य से अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करते हैं। यह हमारे बड़े सपने देखने और अधिक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को शुरू करने की क्षमता को सीमित करता है जो कई वर्षों तक चल सकती हैं।

ए एस वेंकटेश
पूर्व रो ई निदेशक

भुवनेश्वर से आईएएस अधिकारी से सांसद बनीं अपराजिता सारंगी ने नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि निफ्टी 500 कंपनियों में केवल 5 प्रतिशत से भी कम में महिलाएं चेयरपर्सन हैं, और मात्र 7 प्रतिशत कंपनियों में महिलाएं कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने रोटरी की डीईआई पहलों की सराहना की और सार्वजनिक स्थलों पर ट्रांसजेंडरों के लिए विशेष शौचालयों की व्यवस्था करने का सुझाव दिया।

चित्र: जयश्री

न्यासी प्रमुख मेलोनी ने किया बेंगलुरु का दौरा

टीम रोटरी न्यूज़

RIDE के पी नागेश, टीआरएफ ट्रस्टी चेयर मार्क मेलोनी, ए के एस सदस्य इरफान रज़ाक और ट्रस्टी भरत पांड्या।

डीजीएन रविशंकर दकोजू और पाओला के साथ ट्रस्टी चेयर मेलोनी और गे।

पीडीजी जीतेंद्र अनेजा, RIDE नागेश, ट्रस्टी पांड्या, रो ई मंडल 3191 के डीजी सतीश माधवन, रज़ाक, पीडीजी सुरेश हरि, ट्रस्टी चेयर मेलोनी, रोटरी बैंगलोर मिड टाउन के अध्यक्ष पलानी और रो ई मंडल 3192 डीजी एन एस महादेव प्रसाद।

टीआरएफ के न्यासी प्रमुख मार्क मेलोनी और न्यासी भरत पांड्या मार्च में बेंगलुरु के दो दिवसीय दौरे पर थे। नेतृत्वकर्ताओं ने तत्कालीन रो ई मंडल 3190 के पहले एकेएस सदस्य इरफान रज़ाक को सर्विस अबव सेल्फ पुरस्कार से सम्मानित किया। आरआईडीई के पी नागेश, डीजी सतीश माधवन (रो ई मंडल 3191) और पूर्व गवर्नर भी उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने रो ई मंडल 3192 के डीजीएन रविशंकर दकोजू से उनके आवास पर मुलाकात की।

एक सम्मान समारोह में, न्यासी प्रमुख ने संस्थान में उनके योगदान के लिए रो ई मंडल 3191 के 31 सीएसआर भागीदारों एवं 24 प्रमुख दानकर्ताओं और रो ई मंडल 3192 के 45 कॉर्पोरेट्स एवं 40 प्रमुख दानकर्ताओं को सम्मानित किया। दोनों मंडलों ने व्यक्तिगत रूप से रोटरी वर्ष 2024-25 के लिए टीआरएफ में 1.2 मिलियन डॉलर का योगदान देने का वचन दिया। पीडीजी सुरेश हरि (रो ई मंडल 3192) और डीजीएन अनिल गुप्ता (रो ई मंडल 3191) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।■

बेंगलुरू में दक्षिण एशिया शांति सम्मेलन

टीम रोटरी न्यूज़

'स्वस्थ विश्व, हरित कल' थीम पर आधारित दक्षिण एशिया अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन का आयोजन मार्च में बेंगलुरु में हुआ। इस कार्यक्रम की मेजबानी रो ई मंडल3192 के डीजी एन एस महादेव प्रसाद के नेतृत्व में की गई थी, जिसे रो ई मंडल 3191 और भारत के अन्य मंडलों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष शंकर श्रीनिवास थे।

इस आयोजन का मुख्य फोकस पांच प्रमुख क्षेत्रों पर रहा, जो सतत वैश्विक शांति के लिए आवश्यक हैं: पर्यावरणीय स्थिरता, सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता, समुदाय आधारित समाधान, क्षेत्रीय सहयोग और पारंपरिक व आधुनिक ज्ञान का समन्वय। भारत, श्रीलंका, भूटान और नेपाल से प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

रो ई के डीईआई सलाहकार परिषद के सदस्य और रो ई अध्यक्ष के प्रतिनिधि ब्रायन रुश ने कहा, ''शांति की कुंजी दूसरों को शांति प्राप्त करने में मदद करना हैं। शांति की यात्रा व्यक्तिगत है, लेकिन मिलकर हम सम्मान, सौहार्द और सहिष्णुता को बढ़ावा दे सकते हैं।''

डीजीएन रविशंकर डाकोजू ने 'पर्यावरणीय स्थिरता के माध्यम से शांति और रोटरी का दृष्टिकोण' विषय पर बोलते हुए बताया कि वर्ल्ड बैंक के अनुसार, 2050 तक एशिया में 4 करोड़ से अधिक लोग जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान वृद्धि से प्रभावित होंगे। उन्होंने रोटरी द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों को रेखांकित किया और प्रतिनिधियों से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियानों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार और पर्यावरणविद् रिकी केज ने कहा कि संगीत एक सार्वभौमिक भाषा है और पर्यावरण संरक्षण व वैश्विक सौहार्द के लिए एक प्रभावी साधन बन सकता है। शिक्षाविद् ऐश्वर्या डी के एस हेगड़े ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन बताते हुए कहा कि घर, कक्षा और कार्यस्थल में स्थापित मूल्य एक बेहतर विश्व के निर्माण की नींव रख सकते हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि केवल अनुसरण नहीं, बल्कि नेतृत्व करने के लिए प्रारंभिक अवस्था से ही सही मानसिकता विकसित करना आवश्यक है।

'शांति निर्माण के लिए पर्यावरणीय समाधान' विषय पर आयोजित पैनल चर्चा का नेतृत्व पर्यावरणीय स्थिरता रोटरी एक्शन ग्रुप (ESRAG) ने किया। चर्चा में जैव विविधता संरक्षण परियोजनाओं की अध्यक्ष मीना काशी वेंकटरमण, सामुदायिक विकास विशेषज्ञ अरुण वड्डी, आरएजी काउंसिल के अध्यक्ष और COP 23 कार्यक्रम प्रबंधक क्रिस्टोफर पुटॉक तथा COP 28 योजना समिति के अध्यक्ष यासर अतासिक ने भाग लिया।

सम्मेलन में सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को DEI पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सम्मेलन के अन्य मुख्य परिणामों में क्षेत्रीय सहयोग के लिए नीति सिफारिशें, द्विपक्षीय व बहुपक्षीय साझेदारियां, और समुदाय आधारित पर्यावरण व सार्वजनिक स्वास्थ्य परियोजनाओं की पहल शामिल रहीं।

इसके अतिरिक्त, रो ई रपवरश्र 3192 ने आईआईटी मद्रास प्रवर्तक के साथ एक 10 वर्षीय समझौता (चेण) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कर्नाटक के KREIS स्कूलों (वंचित वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय) में कक्षा 6 से 9 तक पढ़ने वाले 1.8 लाख छात्रों को अंग्रेजी, गणित और विज्ञान में डिजिटल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही, राज्य के 821 स्कूलों में सिम्युलेटेड साइंस लैब्स भी स्थापित किए जाएंगे।■

रो ई मंडल 3192 के डीजी एन एस महादेव प्रसाद ने ब्रायन रुश, आरआईपीआर और रोटरी डीईआई सलाहकार परिषद के सदस्य को स्मृति चिन्ह भेंट किया। (बाएं से) क्लब सेवा निदेशक रेणुकेश्वर स्वामी, डीईआई निदेशक आभा सक्सेना, राजेश्वरी प्रसाद,मंडल सचिव के टी निरंजन और एन एस रंगास्वामी।

Rotary PEOPLE OF ACTION

पुणे सेंट्रल के रोटेरियनों ने प्राचीन बांधों को दिया नया जीवन

रशीदा भगत

रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल (रो ई मंडल 3131) के अध्यक्ष ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) पी के एम राजा के नेतृत्व में जब हाल ही में रोटेरियनों का एक समूह 130 किलोमीटर की तीन घंटे की यात्रा करके सतारा पहुँचा ताकि वे सात दशकों की गंभीर संरचनात्मक क्षति से जूझ रहे एक प्राचीन बांध की बड़ी मरम्मत करके उसे नया जीवन देने हेतु की गई कड़ी मेहनत का परिणाम अपनी आँखों से देख सकें और जब उन्होंने पक्षियों के एक झुंड को उस जलाशय के किनारे पर बैठे देखा जिसमें प्रचुर मात्रा में पानी झिलमिला रहा था तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

यह फरवरी 2025 की बात है। कभी सिंचाई, पेयजल और पशुधन के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत रहे इस प्राचीन बांध में समय के साथ बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई और यह अन्य संरचनात्मक क्षतियों

पानी से लबालब सातारा जिले का राजापुर डैम प्रवासी पक्षियों को आकर्षित कर रहा है।

से ग्रस्त हो गया जिससे पानी का रिसाव होने लगा और इसकी भंडारण क्षमता बहुत कम हो गई। जब कुछ स्थानीय सज्जन लोगों द्वारा इस बांध की दयनीय स्थिति को रोटेरियनों के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने पाया कि पिछले खराब मानसून की वजह से यह बांध पूरी तरह से सूख चुका था। इसका सीधा असर इसके 5 किमी के दायरे में रहने वाले लगभग 15,000 लोगों पर पड़ा क्योंकि यह जलाशय इस पूरे क्षेत्र के जल स्तर को बनाए रखने में बहुत प्रभावी था और इसका नतीजा यह हुआ कि महिलाओं को घरेलू उपयोग के लिए सिर्फ एक बर्तन या बाल्टी पानी लाने के लिए 2-3 किमी की दूरी तय करनी पड़ने लगी।

क्लब के सदस्यों ने 2022 में इस क्षेत्र में एक छोटे बांध की मरम्मत और पुनर्स्थापन की एक छोटी परियोजना पहले ही कर ली थी। लेकिन जब उन्होंने राजापुर बांध की दुर्दशा देखी तो उन्होंने इस प्राचीन बांध के पुनरुद्धार और जीर्णोद्धार के इतने विशाल और चुनौतीपूर्ण कार्य को करने का फैसला किया।

जल्द ही अपने क्लब की एक प्रमुख परियोजना बनने जा रही इस परियोजना के बारे में बताते हुए इसके आईपीपी कमोडोर अजय चिटनिस कहते हैं कि 1940 के दशक में इस बांध को क्षेत्र के आसपास के गांवों को भंडारण प्रदान करने के लिए बनाया गया था। ''लेकिन 2023 में लगभग शून्य मानसून और 2022 में बहुत कम बारिश होने की वजह से इस बांध का भंडारण क्षेत्र पूरी तरह से सूख गया था।''

इससे पहले, क्लब के एक पूर्व अध्यक्ष और प्रमुख दानकर्ता गिरि सखरानी ने एक स्थानीय इंजीनियर से व्यवसायी बने समाजसेवी पद्माकर भिडे से मुलाकात की जिन्होंने महाराष्ट्र के सतारा जिले की इन बस्तियों में पानी की उपलब्धता में सुधार लाने हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने उन्हें बताया कि कैसे पिछले तीन वर्षों में इस बांध में आई बड़ी दरारों और खराब मानसून के कारण यह जलाशय पूरी तरह से सूख गया था जिससे उन लोगों का जीवन बहुत कठिनाई भरा हो गया जो इस जल स्रोत पर निर्भर थे। स्थानीय पंचायत अध्यक्ष हनुमंत ढंडक ने रोटेरियनों को समझाया कि इस गंभीर जल संकट के चलते गाँव वालों के पास महंगे दामों पर निजी टैंकरों से पानी खरीदने या अनियमित और अपर्याप्त सरकारी टैंकरों का इंतजार करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था।

क्लब के एक कोर समूह ने इस बांध की मरम्मत करके इसकी बहाली का काम करने का फैसला किया और रो ई मंडल 3131 के इस सबसे बड़े और 117 सदस्यों वाले इस मजबूत क्लब के रोटेरियनों से इस महत्वपूर्ण सामुदायिक कल्याण परियोजना के लिए दान करने का आग्रह किया। रोटरी एन दीप्ति चिटनिस

राजापुर डैम के पास ग्रामीणों के साथ (बाएँ से) रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष गिरिधरलाल सकरानी, शिरीष नाडकर, नितिन राजोरे, क्लब अध्यक्ष ब्रिगेडियर पी के एम राजा, पूर्व अध्यक्ष अजय दुबे, राकेश माखिजा और तत्काल पूर्व अध्यक्ष कमोडोर अजय चिटनिस।

और पीपी सखरानी द्वारा की गई एक पारंपरिक पूजा के साथ पिछली फरवरी में इस बांध पर काम शुरू किया गया और इस अवसर पर राजापुर गांव, जहाँ यह बांध स्थित है, की लगभग पूरी आबादी उपस्थित थी।

महाराष्ट्र के इस क्षेत्र में जल निकायों के तंत्र की पृष्ठभूमि समझाते हुए कमोडोर कहते हैं कि सतारा जिला मोटे तौर पर दो हिस्सों में बंटा हुआ हैं; इसका पश्चिमी हिस्सा जिसमें पश्चिमी घाट शामिल हैं और महाबलेश्वर एवं पंचगिनी जैसे हिल स्टेशन मौजूद है, दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान प्रचुर वर्षा से समृद्ध रहता हैं। लेकिन पूर्वी हिस्से में मैदान और छोटी पहाड़ियाँ शामिल हैं जो वर्षा-छाया क्षेत्र के अंतर्गत आता हैं और यहाँ केवल दक्षिण-पश्चिम मानसून के लौटने के दौरान ही सीमित मात्रा में वर्षा होती है।

वह कहते हैं कि इस क्षेत्र के लोगों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में लगभग 180 मिट्टी के बांध बनाए गए थे। लेकिन इतने वर्षों में ''इन बांधों में गंभीर रिसाव की समस्या पैदा हो गई जिससे इन निकायों में संग्रहीत पानी केवल नवंबर-दिसंबर तक चलता है, जिसके बाद लोग पानी के लिए तरस जाते है। सरकार ने इन बांधों की मरम्मत के प्रयास किए मगर जैसा अक्सर ऐसी परियोजनाओं में होता है कि पैसा बहुत खर्च किया जाता है लेकिन हासिल बहुत कम होता है,'' वह व्यंग्यपूर्ण तरीके से कहते हैं।

तभी स्थानीय लोगों में बंदू भिड़े के नाम से प्रसिद्ध भिडे जैसे निजी नागरिक आगे आए और उन्होंने इस क्षेत्र में पानी पहुँचाने और स्थानीय महिलाओं को राहत दिलाने के लिए रोटेरियनों के साथ मिलकर एक प्रभावी साझेदारी की शुरूआत की।

इस परियोजना की कोर टीम के एक अन्य समर्पित सदस्य और पूर्व अध्यक्ष उदय धर्माधिकारी कहते है कि 2023 से शुरू होकर दो वर्षों के लिए क्लब ने राजापुर बांध की मरम्मत और बहाली के काम के लिए आवश्यक धनराशि एकत्रित की जो कुल मिलाकर लगभग ₹12 लाख थी। प्रमुख दानकर्ता सखरानी थे और अन्य दानकर्ताओं में पीपी अजय दुबे, राकेश मखीजा, शिरीश नाडकर और नितिन राजोर शामिल थे।

यह पूछे जाने पर कि सीएसआर साझेदारों और वैश्विक अनुदानों के माध्यम से विशाल परियोजनाएं करने के लिए प्रसिद्ध इस क्लब ने इस बार सीएसआर निधियों का सहारा क्यों नहीं लिया तो उन्होंने कहा, ''जब हम कंपनियों के पास उनकी सीएसआर निधि के लिए जाते हैं तो वे पहले हमारे द्वारा किए गए ठोस काम को देखना चाहते हैं और उसके बाद ही पैसे देने के लिए तैयार होते है। पर्यावरण से जुड़ी परियोजनाओं - जैसे वृक्षारोपण या जल संरक्षण परियोजनाओं में उन्हें यह दिखाना मुश्किल होता है कि उनके पैसे से काम का कौन सा हिस्सा पूरा होगा। इसलिए हमने सोचा कि इस पहले बड़े बांध की बहाली के लिए हम अपनी खुद की निधि से काम करेंगे, पर हाँ अब हमारे पास यह सफल परियोजना

है जिसे हम संभावित सीएसआर साझेदारों को दिखाकर निश्चित रूप से सीएसआर निधि जुटा सकेंगे और इस क्षेत्र में और भी बड़ी एवं प्रभावशाली जल परियोजनाएं करेंगे।''

वह आगे कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में उनके क्लब ने सीएसआर अनुदानों, वैश्विक अनुदानों और क्लब के सदस्यों द्वारा जुटाए गए धन के माध्यम से लगभग ₹11 करोड़ की परियोजनाएं पूरी की हैं। इस साल भी रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल द्वारा किए जा रहे सामुदायिक सेवा कार्यों का कुल मूल्य लगभग ₹7 करोड़ तक पहुंच जाएगा।

ऐसे मामलों में शामिल वास्तविक कार्य के बारे में कोमोडोर चिटनिस कहते हैं कि मरम्मत कार्य के अंतर्गत बांध की दीवार के तल में 10 फीट चौड़ी खाई खोदी जाती है। ''यह खाई तब तक खोदी जाती है जब तक कठोर चट्टान नहीं मिल जाती। जंगली झाड़ियों और कुछ पेड़ों से ढकी बांध की दीवारों को पहले साफ किया जाता है, रिसाव के स्रोत का पता लगाया जाता है और उसे सीमेंट से सील किया जाता है। इसके बाद खाई और बांध की सतह पर मोटी प्लास्टिक शीट बिछाई जाती है और फिर उसी खोदी गई मिट्टी और गाद से खाई को भर दिया जाता है। एक बार जब यह कार्य पूरा हो जाता है तो हम बारिश का इंतजार करते हैं!''

वह आगे कहते हैं कि इस साल इस क्षेत्र में समय से पहले ही प्रचुर मात्रा में बारिश हुई। बारिश के शुरू होते ही गाद निकालने का काम रोक दिया गया और इस जलाशय में पानी भरने लगा। सितंबर तक यह जलाशय भर गया था और बांध के पश्चिमी किनारे पर स्थित अतिरिक्त जल निकासी द्वार से पानी बहने भी लगा। नवंबर में क्लब के अध्यक्ष ब्रिगेडियर राजा के नेतृत्व में रोटेरियनों का एक समूह वहाँ गया ताकि वे अपने परिश्रम के फल को अपनी आँखों से देख सकें।

बांध पर गांव के सरपंच ढंडक, स्थानीय स्कूल के प्रधानाध्यापक और ग्रामीणों के एक समूह द्वारा रोटेरियनों का स्वागत किया गया। ''हम उनके साथ बांध की दीवार पर चले और बड़ी खुशी के साथ

बांध स्थल पर कार्य प्रगति में।

सरपंच ने हमें बताया कि इस गांव में पीने के पानी की समस्या आखिरकार खत्म हो गई। अब उन्हें समुदाय के कुएं को भरने और ग्रामीणों को जल उपलब्ध कराने के लिए टैंकरों से पानी मंगवाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।''

इस परियोजना में बांध के तटबंध को मजबूत करना, जलाशय से गाद निकालना, जल निकासी मार्गों को सुदृढ़ करना और मृदा अपरदन नियंत्रण उपायों को लागू करना शामिल था। इससे न केवल जल संचयन क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई बल्कि इससे जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं के प्रति दीर्घकालिक स्थायित्व भी सुनिश्चित हुआ, कामरेड चिटनिस आगे कहते हैं।

अब जब बांध पानी से लबालब भर गया (यह पिछले नवंबर की बात है) तो गाँव का सामुदायिक कुआं भी पानी से पूरी तरह भर गया और गांव के प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध था। ''इसके अलावा कुछ घरों के कुएं जो वर्षों से सूखे पड़े थे वो भी पानी से भर गए और उनमें से कुछ अतिरिक्त पानी की वजह से बहने भी लगे। उनकी आवाज़ में

बाएं से: तत्काल पूर्व अध्यक्ष कमोडोर अजय चिटनिस, शिरीष नाडकर, क्लब अध्यक्ष ब्रिगेडियर राजा, नितिन राजोरे, राकेश माखिजा और पूर्व अध्यक्ष अजय दुबे डैम स्थल पर।

मौजूद खुशी वहाँ उपस्थित सभी लोगों की भावनाओं में झलक रही थी। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह थी कि एक महीने से अधिक समय से बारिश न होने के बावजूद भी अतिरिक्त जल निकासी मार्ग से पानी बह रहा था। बंदू भिड़े ने हमें समझाया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इस पूरे इलाके का जल स्तर बढ़ गया था। अब न केवल बांध में पानी रिसकर पहुँच रहा था बल्कि इसके 5 किमी के दायरे में मौजूद गांवों के कुएं भी इस परियोजना से लाभान्वित हुए।''

धर्माधिकारी ने बताया कि इस परियोजना से लगभग 15,000 लोगों को लाभ हुआ। ''सफलता की यह कहानी न केवल आगामी वर्षों में सदस्यों को अधिक योगदान करने हेतु प्रेरित करेगी बल्कि हमें सीएसआर निधि प्राप्त करने में भी मदद करेगी ताकि हम इस परियोजना के दायरे को बढ़ा सकें और अधिक बांधों की मरम्मत करके उन्हें बहाल कर सकें।''

वह आगे कहते हैं कि ग्रामीणों के मन में इस परियोजना के प्रति अपनत्व और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने के लिए रोटेरियनों ने उन्हें यथासंभव आर्थिक रूप से योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया। बेशक वे मरम्मत कार्य में श्रमदान देकर सक्रिय रूप से शामिल भी हुए। इसका सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि ग्रामीणों की भागीदारी के कारण खुशहाली का सूचकांक वास्तव में बढ़ गया और महिलाओं की ख़ुशी पुरुषों से कहीं ज्यादा है क्योंकि अब उन्हें पानी लाने के लिए 2-3 किमी की पैदल यात्रा नहीं करनी पड़ती।

सभी उपस्थित लोगों ने खुशी महसूस की और भी चौंकाने वाली बात यह थी कि एक महीने से अधिक समय से बारिश नहीं होने के बावजूद, वेस्ट वेयर में अभी भी पानी बह रहा था।

कमोडोर अजय चिटनिस
पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल

रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष सिखरानी ने राजापुर बांध के जीर्णोद्धार के शुभ अवसर पर नारियल फोड़कर इसकी शुरुआत की।

इस परियोजना का प्रभाव वास्तव में परिवर्तनकारी रहा है। चूंकि अब महिलाओं के पास थोड़ा समय बचने लगा है इसलिए उन्हें स्वयं सहायता समूहों में संगठित करने के साथ ही सिलाई, मुर्गी पालन और अन्य छोटे व्यवसायों के लिए थोड़ा अनौपचारिक प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि वे एक छोटी पर स्थायी आय अर्जित कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ पानी की उपलब्धता से जल-जनित बीमारियां भी कम हुई हैं और इससे स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार हुआ है। महिलाओं के सामान्य स्वास्थ्य स्तर में भी सुधार हुआ है।

''फरवरी में हमें बांध पर प्रवासी पक्षी मिले और पिछले हफ्ते भी जब हमने बांध की स्थिति की जांच की तो हमें पता चला कि राजापुर बांध में पर्याप्त पानी है। भूजल स्तर में सुधार से किसान भी लाभान्वित होंगे। चूंकि यह वर्षा-छाया क्षेत्र है इसलिए यहाँ विविध फसलें नहीं उगाई जा सकती मगर वे जो भी सब्जियां और अन्य उत्पाद उगाते हैं उनकी पैदावार अब बेहतर जल उपलब्धता के कारण काफी बढ़ी है।''

वह आगे आशा व्यक्त करते हुए कहते हैं कि शायद अब युवा पीढ़ी का प्रवास रुक जाएगा क्योंकि उनमें से कुछ पहले मुंबई जाकर डब्बावाला बन गए थे। क्लब की अगली प्राथमिकता अब इस क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की स्थितियों में सुधार करना है।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

विधान परिषद 2025

विधान परिषद वह मंच है जहाँ रोटरी सदस्य हर तीन साल में मिलते हैं ताकि प्रस्तावों पर चर्चा कर संगठन को आगे बढ़ाने के लिए मतदान किया जा सके। दुनिया भर के रोटरी मंडलों के प्रतिनिधि 13 से 17 अप्रैल के बीच अमेरिका के इलेनॉइस के शिकागो में आयोजित इस परिषद में एकत्र हुए। लंबे विचार-विमर्श के बाद, उन्होंने सदस्यता शुल्क बढ़ाने और कम सदस्यों के साथ क्लब अधिकृत करने की अनुमति देने जैसे प्रस्तावों को पारित किया।

इस सत्र में सबसे अधिक चर्चा का विषय सदस्यता शुल्क में बढ़ोतरी और वार्षिक मंडल सम्मेलन को वैकल्पिक बनाने का प्रस्ताव रहा।

रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक ने पहले दिन अपने उद्घाटन भाषण में रोटरी की बहुसांस्कृतिक और सहयोगात्मक प्रकृति को रेखांकित किया। ''यह परिषद रोटरी की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के हृदय और हमारी अंतर्राष्ट्रीय आत्मा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति है। यह बैठक रोटरी की बहुसंस्कृतिवाद की सबसे शक्तिशाली अभिव्यक्तियों में से एक है। यहाँ दुनिया के हर कोने से आए लोगों को अपनी बात कहने का मौका मिलता हैं - प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं, बल्कि सहयोग के लिए,'' 480 प्रतिनिधियों एवं विधान परिषद के प्रेक्षकों को उन्होंने कहा।

प्रतिनिधियों ने प्रत्येक रोटरी सदस्य द्वारा रो ई को दिए जाने वाले शुल्क में 3.50 डॉलर की वृद्धि को मंजूरी दी, जिससे शुल्क 2025-26 में 82 डॉलर से बढ़कर 2026-27 में 85.50 डॉलर हो जाएगा और अगले दो वर्षों में 3.75 डॉलर प्रति वर्ष की वृद्धि होगी।

प्रत्येक परिषद की शुरुआत में प्रस्तुत पांच वर्षीय वित्तीय पूर्वानुमान में यह बताया गया कि यदि शुल्क नहीं बढ़ाया गया, तो 2029-30 तक रो ई को 42 मिलियन डॉलर का घाटा हो सकता है। संगठन की नीति एक संतुलित बजट बनाए रखने की मांग करती है।

रो ई निदेशक राजू सुब्रमणियन ने परिषद से कहा, ''सदस्यता शुल्क हमारे सभी कार्यों के लिए मुख्य वित्तीय स्रोत है। यह आपके क्लबों, सदस्यों और मंडलों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करता है। जैसे-जैसे महंगाई बढ़ती जा रही है, हमें सुनिश्चित करना होगा कि शुल्क भी उसी के अनुसार बढ़े। दुनिया को रोटरी की आवश्यकता पहले से कई अधिक है। संस्थान के भविष्य को सुरक्षित रखना आपके हाथों में है।''

शुल्क वृद्धि का समर्थन करने वालों ने कहा कि रो ई लागत में कटौती करता रहा है और दक्षता बढ़ाने के नए तरीके खोजता रहा है। यह वृद्धि लगभग चार प्रतिशत प्रति वर्ष की है, जो कि 2024 की वैश्विक मुद्रास्फीति दर से कम है।

हालाँकि, इसका विरोध करने वालों का कहना था कि शुल्क वृद्धि से रोटरी की जीवनरेखा - सदस्यता - पर नकारात्मक असर पड़ता है। कई लोगों ने यह भी तर्क दिया कि रो ई द्वारा प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई जानकारी पर्याप्त रूप से विस्तृत नहीं है तथा उन्होंने कहा कि वे अधिक पारदर्शिता चाहते हैं।

जापान के मंडल 2650 का प्रतिनिधित्व कर रहे शोबी टोन ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों से सदस्यता में गिरावट आ रही है, और छोटे क्लबों पर इसका सबसे अधिक असर होता है। उन्होंने कहा कि रो ई को कर्मचारियों की संख्या घटाकर दक्षता बढ़ाने की ज़रूरत है। 45 मिनट की बहस और निर्णय को तीन महीने के लिए टालने के असफल प्रयास के बाद शुल्क वृद्धि को पारित कर दिया गया।''

परिषद ने 20 के बजाय 15 सदस्यों के साथ क्लब को अधिकृत करने की अनुमति भी दे दी। समर्थकों का मानना है कि इससे नए क्लब शुरू करने में आने वाली बाधाएँ दूर होंगी और रोटरी को अभिनव क्लब मॉडलों के माध्यम से आगे बढ़ने और अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।

काउंसिल अध्यक्ष केन शुपर्ट ने प्रतिनिधियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे प्रस्ताव पारित

RIDs राजू सुब्रमण्यन और अनिरुद्धा रॉयचौधरी, और RIDEs एम मुरुगानंदम और के पी नागेश के साथ टीम इंडिया।

किए हैं जो रोटरी को मजबूत बनाएँगे। ''उन्होंने ऐसे कानून की समीक्षा की और उस पर मतदान किया जो रोटरी को भविष्य की ओर ले जाएगा,'' उन्होंने कहा।

अन्य निर्णयों में शामिल हैं:

- लंबी बहस के बाद, वार्षिक मंडल सम्मेलन को वैकल्पिक बनाने का निर्णय लिया गया।
- रोटरेकटरों के लिए आयु सीमा निर्धारित करने वाले दो प्रस्तावों को खारिज किया गया। विरोधियों ने तर्क दिया कि वर्तमान में 40 वर्ष से अधिक आयु के रोटरेकरटरों की संख्या बहुत कम है, इसलिए ऐसी सीमा अनावश्यक है तथा इस तरह की पाबंदियाँ सदस्यों को रोटरी छोड़ने के लिए मजबूर कर सकती हैं।
- क्लब में मानद सदस्यों की संख्या को सक्रिय सदस्यता के पाँच प्रतिशत तक सीमित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। विरोधियों ने कहा कि कई क्लब मानद सदस्यता का उपयोग पूर्व सदस्यों, जैसे अनुभवी और विशेषज्ञ रोटेरियनों, से संपर्क बनाए रखने के लिए करते हैं।
- बोर्ड को तीन साल पहले स्वीकृत किए गए मॉडलों के अलावा अन्य नए शासन मॉडलों को आज़माने की अनुमति देने वाले एक प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई। ये नए मॉडल वर्तमान में ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में अपनाए जा रहे हैं। समर्थकों ने बताया कि मंडलों की देखरेख करने वाले गवर्नर की प्रणाली रोटरी के शुरुआती दिनों से चली आ रही है। उनका कहना है कि नए शासन मॉडल आजमाने से रोटरी को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से ढलने और नए नेतृत्वकर्ताओं को प्रशिक्षित करने एवं विकसित करने में मदद मिल सकती है।
- ज़ोन की सीमाएं तय करते समय केवल रोटेरियनों की संख्या ही नहीं, बल्कि संस्कृति और भाषा पर भी विचार करने की अनुमति बोर्ड को देने पर सहमति बनी।
- यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक परिषद की शुरुआत में प्रस्तुत की जाने वाली पाँच-वर्षीय वित्तीय पूर्वानुमान रिपोर्ट में रो ई द्वारा किए गए विशेष प्रक्रियागत सुधारों और लागत में कटौती के उपायों की अद्यतित जानकारी शामिल की जाए। इसी तरह के एक अन्य प्रस्ताव में, परिषद ने रो ई के प्रशासन में प्रक्रियाओं और लागत संरचनाओं का नियमित रूप से पेशेवर विश्लेषण कराने को भी मंज़ूरी दी।
- अध्यक्ष-निर्वाचित प्रशिक्षण सेमिनार का नाम बदलकर अध्यक्ष-निर्वाचित लर्निंग सेमिनार और मंडल प्रशिक्षण सभा का नाम बदलकर क्लब नेतृत्व लर्निंग सेमिनार करने को मंज़ूरी दी गई। यह उपाय लोगों को जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण से सीखने की संस्कृति में बदलाव का हिस्सा है।

कानून का सारांश प्रस्तुत करने वाली एक कार्रवाई रिपोर्ट क्लबों को भेजी जाएगी, जिसके पास परिषद की कार्रवाई के प्रति विरोध प्रस्तुत करने के लिए कम से कम दो महीने का समय होगा। यदि संभावित क्लब वोटों में से कम से कम पाँच प्रतिशत क्लब आपत्ति दर्ज करते हैं, तो काउंसिल द्वारा उस कानून को अपनाने की प्रक्रिया स्थगित कर दी जाएगी।

नागेश (बाएं) और मुरुगानंदम (दाएं से दूसरे) RIPE मारियो डी कामार्गो (मध्य में) के साथ।

©Rotary.org

मदुरै इंटरेक्ट ने दान के लिए ₹16 लाख जुटाए

वी मुत्तुकुमारन

भोजन स्टाल के लिए व्यंजन विधि तैयार करते हुए इंटरेक्टर्स।

मदुरै में लक्ष्मी स्कूल के इंटरेक्ट क्लब द्वारा आयोजित एक अनूठे दो दिवसीय धन-संग्रह कार्यक्रम, रो ई मंडल 3000, जिसमें 1,000 से अधिक छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया, ने भारत में स्कूल क्लबों के लिए दान कार्यक्रमों के लिए संसाधन और धन जुटाने का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है।

'केयरिंग बियॉन्ड क्लासरूम' शीर्षक वाले इस मेगा कार्निवल (23-24 नवंबर, 2024) में माता-पिता अपने बच्चों के साथ स्कूल परिसर में खेल, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों की एक श्रृंखला का आनंद लेते हुए नज़र आए, ''इन सभी ने चैरिटी के लिए धन जुटाने के लिए इंटरेक्ट क्लब के लिए टिकट वाले कार्यक्रम आयोजित किए,'' स्कूल की प्रिंसिपल पी सुभाषिनी कहती हैं। जहाँ प्राथमिक खंड के छात्रों के लिए छाया कठपुतली ने प्लास्टिक के उपयोग से बचने, मोबाइल फोन की लत और स्वस्थ भोजन व जीवन शैली की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया; वहीं मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए प्रोजेक्ट रोबोटिक्स ने क्रेया (रोबोटिक्स पर एक प्राइमर) सत्रों के माध्यम से माता-पिता और उनके बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, इंफ्रारेड सेंसर, किनेमैटिक्स आदि के बारे में शिक्षित किया। मुख्य आकर्षणों में से एक मोबाइल प्लेनेटेरियम था, जिसमें माता-पिता और बच्चे अंतरिक्ष अन्वेषण और ब्रह्मांड के रहस्यों पर आधारित 15 मिनट की ट्रेलर फिल्में देख सकते थे। उन्होंने इस मोबाइल स्टूडियो में एक वर्चुअल रियलिटी शो का भी आनंद लिया, जिसने अंतरिक्ष यात्रा और एलियंस के बारे में जानने की उनकी इच्छा को बढ़ाया। फुटबॉल, थ्रोबॉल, बास्केटबॉल और टेबल टेनिस जैसे मैदानी खेलों ने माता-पिता और शिक्षकों के बीच पहले से कहीं अधिक जुड़ाव पैदा किया। प्रिंसिपल सुभाषिनी कहती हैं, ''हमने माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों के साथ मज़ेदार खेल खेले और अंत में, प्रतिभागियों ने इस खेल के समय को और अधिक बढ़ाना चाहा क्योंकि उन्होंने बॉन्डिंग सेशन का आनंद लिया।''

जूट उत्पादों के स्टॉल पर माता-पिता और उनके बच्चे।

गंभीर रूप से, कला - पेपरक्राफ्ट, फोम बोर्ड प्रिंटिंग - और STEM कार्यशालाओं में माध्यमिक ग्रेड के छात्रों (कक्षा 9-12) ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया, और विषय विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। *संगीत की एक शाम* में गायन और वाद्य यंत्रों ने एक 'शास्त्रीय जादू' बुना और हमने छात्रों और अभिभावकों द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुति का आनंद लिया। यह साहित्यिक सत्रों जैसे गेस द वर्ड, क्विज़ और वर्ड प्ले के लिए समय था, साथ ही कार्यक्रम के समापन से पहले अंतिम दिन लकी ड्रा के लिए वरिष्ठ प्रिंसिपल शांति मोहन द्वारा आयोजित एक टोम्बोला भी था। ''हमारे गृह विज्ञान विभाग ने जूट उत्पादों, स्टेशनरी वस्तुओं और पोर्ट्रेट ड्राइंग और फ्रेमयुक्त पेंटिंग जैसे कला कार्यों के लिए स्टॉल के साथ एक बाज़ार लगाया, जो आगंतुकों के बीच बहुत लोकप्रिय था। इसके अलावा, स्नैक्स के अलावा केक, कुकीज़ और पेस्ट्री जैसे बेक्ड आइटम के लिए अपने व्यंजनों के स्टॉल के साथ फूड कोर्ट अपने स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ एक प्रमुख आकर्षण था,'' सुभाषिनी बताती हैं।

ट्रेलब्लेज़र्स

नवंबर के धन संग्रह अभियान से ₹7.16 लाख रुपये एकत्र करने के बाद, इंटरेक्ट क्लब यह राशि टीवीएस प्रबंधन द्वारा प्रवर्तित आरोग्य वेलफेयर ट्रस्ट की एक गैर सरकारी इकाई कल्पतरु को दिया जाएगा, जो वृद्धाश्रमों, अनाथालयों और वंचित ग्रामीण महिलाओं की जरूरतों को पूरा कर रहा है।

हालांकि यह क्लब 18 साल पुराना है, लेकिन इंटरेक्ट क्लब के प्रभारी शिक्षक शिव राम्या कहती हैं, ''हम पिछले दो वर्षों से यह दो दिवसीय मेगा शो आयोजित कर रहे हैं, और अपने पहले धन-संग्रह कार्यक्रम में ₹9 लाख एकत्र किए हैं।'' मदुरै में आठ लक्ष्मी स्कूलों का प्रबंधन करने वाले टीवीएस स्कूल समूह के निदेशक, आर श्रीनिवासन कहते हैं, ''पिछले तीन वर्षों में, इंट्रक्टर्स ने कल्पतरु के साथ साझेदारी कि है, जिसके पास आवश्यक वस्तुओं, सामग्रियों और अनुदानों के कुशल वितरण के लिए रसद और साधन हैं।'' रोटरी क्लब मदुरै मिड टाउन के पूर्व अध्यक्ष और अब रोटरी क्लब बैंगलोर जे पी नगर के सदस्य, श्रीनिवासन टीवीएस समूह में चार इंटरेक्ट क्लबों के नोडल समन्वयक भी हैं। सभी इंटरेक्ट क्लब रोटरी क्लब मदुरै मिड टाउन द्वारा प्रायोजित हैं।

धन-संग्रह कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए, राम्या कहती हैं, ''हमारे कई शो, प्रदर्शन और उदार कार्यक्रमों ने छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व गुणों की भावना को बढ़ावा दिया है जो उनके विकास के लिए अमूल्य हैं। कक्षा 8 के आदिव जैन की माँ, विनीता, चाहती हैं कि यह 'भव्य तमाशा' वर्षों तक जारी रहे क्योंकि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों और लाभार्थियों दोनों पर एक स्थायी प्रभाव पैदा कर रहा है।'' क्लब की अध्यक्ष, ऐश्वर्या मीना (कक्षा 11) को विश्वास है कि हमारे धन-संग्रह प्रयास, आने वाले वर्षों में, प्रतिभागियों और लाभार्थियों के बीच स्थायी खुशी और सकारात्मक परिवर्तन की लहर लेकर आएँगे। प्रिंसिपल सुभाषिनी कहती हैं कि एक सामान्य नियम के रूप में, केवल कक्षा 11 के छात्रों को इंटरेक्ट क्लब के पदाधिकारियों के रूप में चुना जाता है, जिसके लगभग 550 सदस्य हैं, सभी कक्षा 9-12 तक के हैं।

25 साल पुराने लक्ष्मी स्कूल के इंटरेक्टर्स की तारीफ करते हुए श्रीनिवासन, रोटरी फाउंडेशन के पूर्व छात्र, जिन्होंने 2001 में रो ई मंडल 3000 (मदुरै) से ओसाका, जापान तक जीएसई टीम का नेतृत्व किया था, कहते हैं, ''रोटरी की स्कूल ब्रिगेड अपने आदर्शों पर खरी उतरी है और रोटरी मूल्यों के अच्छे राजदूत बन गए हैं। हालांकि बेंगलुरु में रहते हुए, मैं हमेशा अपने इंटरेक्टर्स और टीवीएस स्कूलों के छात्रों के संपर्क में बना रहता हूं,'' वे मुस्कुराते हुए कहते हैं।■

लक्ष्मी स्कूल के इंटरेक्ट क्लब की अध्यक्ष ऐश्वर्या मीना (बाएं से 5वीं, पिछली पंक्ति) और प्रभारी शिक्षक शिव राम्या, इंटरेक्टर्स के साथ।

रोटरी क्लब ठाणे हीरानंदानी लेजेंड्स के अध्यक्ष नीलेश धाहिफुले (बीच में बैठे हुए) कार्यक्रम स्थल पर क्लब के सदस्यों और संसाधन व्यक्तियों के साथ।

Rotary PEOPLE OF ACTION

ज्ञान की रोशनी से सजे आदिवासी सपने

जयश्री

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शाहपुर के पास एक आदिवासी बस्ती में रोटरी क्लब ठाणे हीरानंदानी लीजेंड्स, रो ई मंडल 3142, के अध्यक्ष नीलेश धहीफुले और क्लब के दो अन्य सदस्यों द्वारा किए गए एक संयोगवश दौरे के परिणामस्वरूप आसपास के 19 गांवों के 1,250 छोटे बच्चों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। ''जब हमने वहां बच्चों के साथ बातचीत की, तो हम उनकी सहजता और प्रतिभा से चकित हुए। सही प्रेरणा और दिशा के साथ, हम जानते थे कि हम एक आशाजनक भविष्य बनाने में उनकी मदद कर सकते हैं,'' धहीफुले कहते है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्कूलों में समर्पित शिक्षक थे, जिन्होंने शिक्षण की एक मजबूत नींव रखी। तब हमने छात्रों की सीखने की क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी मानसिक एवं शारीरिक भलाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए *प्रोजेक्ट नवरंग* की योजना बनाई। ये बच्चे, अपने शहरी समकक्षों के विपरीत, पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं और उनके उज्वल भविष्य के लिए उन्हें अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता है।

क्लब ने पहले विभिन्न बस्तियों में अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाले कक्षा 10वीं के छात्रों को प्राथमिकता दी। शिक्षक और कुछ अभिभावक उनके साथ शाहपुर के एक सभागार में गए जहां विशेष रूप से तैयार किए गए नौ सत्र आयोजित किए गए। ''हमने हर छात्र के लिए परिवहन की व्यवस्था की, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें उनके दरवाज़े से लेकर घर वापस छोड़ दिया जाए,'' धहीफुले बताते हैं।

उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें व्यवस्थित रूप से अध्ययन करने में मदद करने के लिए, क्लब ने राज्य बोर्ड पाठ्यक्रम के साथ एक अध्ययन ऐप पेश किया और उन्हें इसे अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड करने में मदद की। ''ऐप विषय-वार नोट्स, प्रश्न बैंक, गणित की समस्याओं और रसायन विज्ञान समीकरणों के लिए चरण-दर-चरण समाधान प्रदान करता है। यह छात्रों को दैनिक अध्ययन कार्यक्रम की योजना बनाने में भी मदद करता है,'' वह बताते हैं।

एक कैरियर मार्गदर्शन संगोष्ठी ने उन्हें छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा विकल्पों और संस्थानों के बारे में जानकारी प्रदान की। सत्र के संचालक शरद वाडेकर ने छात्रों को यह भी सिखाया कि बेहतर समझ और प्रतिधारण के लिए पाठों को प्रबंधनीय भागों में कैसे बांटा जाए।

पढ़ाई के अलावा, कार्यक्रम ने युवा मन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किया। क्लब के सदस्य अनुज यादव ने मादक द्रव्यों के सेवन पर एक सत्र आयोजित किया, जिसमें छात्रों को विभिन्न व्यसनों के बारे में चेतावनी दी गई, जिसमें अत्यधिक मोबाइल फोन का उपयोग और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के खतरे शामिल हैं। छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से जोड़ने के लिए एक क्यूआर कोड साझा किया गया। मानसिक स्वास्थ्य ऐप रो ई मंडल 3142 की एक पहल है।

एक चिकित्सा शिविर में थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया के लिए छात्रों की जांच की गई। धहीफुले बताते हैं, ''लगभग 20 बच्चों में इनमें से कोई एक विकार पाया गया और हमने ठाणे के सिविल अस्पताल में उनके इलाज में मदद करने की पेशकश की है।''

डॉ विश्वनाथ राजपूत द्वारा सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) पर एक सत्र ने बच्चों एवं शिक्षकों से समान रूप से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त की। ''चूंकि ये बच्चे सीमित चिकित्सा सुविधाओं वाले दूरदराज के गांवों से आते हैं, इसलिए हम उन्हें जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा कौशल से लैस करना चाहते हैं,'' परियोजना के अध्यक्ष धीरज मात्रे बताते हैं। क्लब की सदस्य मीनू महल और अनीता सतीश ने व्यक्तिगत सुरक्षा पर एक जागरूकता सत्र का नेतृत्व किया, जिससे छात्रों को सुरक्षित स्पर्श को समझने, सीमाएं निर्धारित करने और सूचित निर्णय लेने में मदद मिली।

क्लब ने सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को शिक्षित करने के लिए समर्पित आदिवासी सरकारी स्कूलों के 16 शिक्षकों को सम्मानित किया। आगंतुकों को नाश्ता, दोपहर का भोजन और जलपान प्रदान किया गया; विद्यार्थियों को राइटिंग पैड व स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया। ''मनोरंजन सत्र के दौरान बच्चों को गाते और नृत्य करते देखना दिल को छू लेने वाला था। प्रेरक कार्यशालाएं निस्संदेह उनकी मदद करेंगी, खासकर तब जब उनकी परीक्षाएं पास या रही है। हम अगले साल भी *प्रोजेक्ट नवरंग* को जारी रखने की योजना बना रहे हैं,'' धहीफुले कहते हैं।

इस पहल को फैंड्री फाउंडेशन के स्वयंसेवकों द्वारा समर्थित किया गया था, जो आदिवासी आबादी के उत्थान के लिए काम करने वाला एक गैर सरकारी संगठन है, जो कार्यक्रम के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित करता है। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

करतारपुर साहिब भारत-पाक रोटेरियनों को मिलने और एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर देता है

रशीदा भगत

रोई मंडल 3055 और भारत भर के अन्य मंडलों से रोटेरियन और उनके परिवारों के 34 सदस्यीय समूह ने हाल ही में पाकिस्तान में पवित्र तीर्थस्थल श्री करतारपुर साहिब की आध्यात्मिक-सह-संगत यात्रा की। ''वहां हमने लाहौर और अन्य स्थानों से आए लगभग 60 पाकिस्तानी रोटेरियन के समूह से मुलाकात की, उनके साथ कुछ समय बिताए, झंडों का आदान-प्रदान किया और *लंगर* का भोजन साझा किया। इस यात्रा ने न केवल आध्यात्मिकता और एकता का जश्न मनाया,

बल्कि शांति, सेवा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए रोटरी की वैश्विक प्रतिबद्धता को भी उजागर किया,'' रोटरी क्लब अहमदाबाद हेरिटेज के सचिव हरीश टेकचंदानी ने कहा।

वह इसे ''एक महत्वपूर्ण घटना बताते हैं, जो सीमा पार संबंधों को बढ़ावा देने में भाईचारे की शक्ति को रेखांकित करती है,'' जिसके लिए पाकिस्तानी रोटेरियन के साथ बहुत सारी योजना और समन्वय की आवश्यकता थी, जो अपनी भूमि पर भारतीय समूह से मिलने और उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक थे। जैसा कि सर्वविदित है, पाकिस्तान में रावी नदी के किनारे स्थित करतारपुर साहिब न केवल सिखों के लिए गहरा धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, क्योंकि यह सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव का अंतिम विश्राम स्थल है, बल्कि कई अन्य समुदायों के श्रद्धालु भी हैं। वह कहते हैं, ''मैं एक सिंधी हूं, हमारे समूह में अन्य गैर-सिख पंजाबी और अन्य लोग भी थे, और हम सभी अपने दिलों में आस्था और भक्ति और होठों पर प्रार्थना के साथ वहां गए थे।''

वीज़ा संबंधी परेशानियों के बारे में पूछे जाने पर रोटेरियन ने बताया कि करतारपुर

महान आध्यात्मिक अनुभव के अलावा, दोनों पक्षों के रोटेरियन कुछ विशेष क्षणों को याद रखेंगे, जब उन्होंने साझा मानवता की भावना के साथ जाति, धर्म और संस्कृति के मतभेदों को किनारे रखा था।

हरीश टेकचंदानी
सचिव, रोटरी क्लब अहमदाबाद हेरिटेज

